लेकिन मुझे यह देख कर बड़ा दुख हुआ कि जब कि पहले स्वर्ण-नियंत्रण जो डिफ़ेंस आफ़ इंडिया रूल्ज के अन्तर्गत गवर्नमेंट की आज्ञा के रूप में कुछ काल के लिए ही चल रहा था, अब उन के हाथों से, उन के नाम से ही, उस को मुस्तकिल और स्थायी कानून का रूप दिया जा रहा है। यह समझ में नहीं आता कि इसका आधार क्या है।

हमें उम्मीद थी कि सरकार यह बतायेगी कि स्वर्ण-नियंत्रण से देश को कितना लाभ हुआ, इस से देश का स्तर कितना ऊंचा उठा, सोने की स्मगलिंग में कितनी कमी हुई और लोगों ने कितना सोना घोषित किया। उन्होंने बताया है कि ४२ करोड़ कुछ लाख का सोना घोषित किया गया। कहा जाता है कि ४४ अरब के करीब का सोना हमारे देश में है। कहां ४४ अरब और कहां ४२ करोड़। हम यह भी जानना चाहते हैं कि गोल्ड कंट्रोल आर्डर को कार्यान्वित करने में कितना व्यय हुआ। मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय जब जवाब दें, तो वह यह भी बतायेंगे कि कितने सुनार बेकार हो गए और कितनों की जानें गईं, चाहे वे पांच हजार हों या पच्चीस लाख हों। मैं समझता हूं कि ये आंकड़े हमारे सामने आने चाहिएं कि गोल्ड-कंट्रोल से देश का कितना हित हुआ है।

इस सम्बन्ध में स्मगलिंग की भी चर्चा हुई। गुजरात के माननीय सदस्य ने अच्छे आंकड़े दिये और इस सदन का ज्ञान बहुत बढ़ाया। उन के आंकड़ों के मुताबिक स्मगलर सौ फ़ीसदी से अधिक मुनाफ़ा करता है।

इस बिल में जो पीनल क्लाज रखी गई है, उस में कहा गया है कि अगर कोई गोल्ड-कंट्रोल आर्डर के विपरीत कार्य करेगा, तो उस को एक बरस की सजा दी जायेगी। एक साल की सजा और फिर भी मुकदमा तब तक नहीं चल सकता है, जब तक कि एडमिनिस्ट्रेटर उस की स्वीकृति न दे। क्लाज ३३ में कहा गया है कि गोल्ड कंट्रोल आर्डर के ख़िलाफ़ कोई कार्यवाही करने पर कोई मुकदमा नहीं चल सकता है, जब तक कि एडमिनिस्ट्रेटर उस की स्वीकृति न दें। मुकदमा पकड़ा भी गया तो पकड़ने के बाद वह नहीं चलेगा। हमने कुरप्शन को दूर करने के लिए प्रिवेंशन आफ कुरप्शन एक्ट बनाया है। उसके अन्दर एक दफा बना दी गई है जिस के तहत . . .

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद): उपाध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन है जब कि इस समय इतना रोचक भाषण हो रहा है, सदन में कोरम होना आवश्यक है।

Mr. Deputy-Speaker: Quorum bell is being rung—Now there is quorum. Hon'able Member may continue.

श्री सिंहासन सिंह: शुरू-शुरू में जब गोल्ड कन्ट्रोल आर्डर के बारे में निकाला गया तो उस में व्यवस्था रही कि पुराने बने हुए आभूषणों के नए बनाना कोई चाहता था तो वह चौदह कैरट के ही बनवा सकता था लेकिन बाद में वर्तमान मंत्री ने यह व्यवस्था कर दी कि उनको ज्यों का त्यों बनाया जा सकता है। लेकिन एक बात है जिस की तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं: मुरारजी देसाई जी ने गहनों को घोषित करने से बरी रखा था। अब आप आगे बढ़ कर एक काम कर रहे हैं। आप स्वर्ण कंट्रोल आर्डर को कानूनी रूप देने जा रहे हैं। जहां पहले गोल्ड कंट्रोल आर्डर में आभूषण घोषित करने की व्यवस्था नहीं थी, वे एग्जेम्प्ट थे, वहां अब आप इसके अन्दर यह भी ला रहे हैं और चाहते हैं कि आभूषणों की लोग घोषणा करें। किस लिमिट तक उनकी

घोषणा करना जरूरी है इसको आपने ऐसे ही छोड़ दिया है । पांच हजार, दस हजार बीस हजार, किस लिमिट के ऊपर की घोषणा करना अनिवार्य होगा, इनको आपने ऐसे ही छोड़ दिया है । बजाय इसके कोई लिमिट रखी जाती कि उसके ऊपर के आभूषणों की लोग घोषणा करें आप इंस्पैक्टर्ज आदि को अधिकार दे रहे हैं कि वे घरों में जा कर तलाशियां ले सकते हैं । अब आपके अधिकारी क्या करेंगे ? वे कहेंगे कि तुम्हारे पास तो निरधारित सीमा से बहुत ज्यादा के गहने हैं, तुम मुझे दो हजार रुपये दे दो वर्ना मैं तुम्हारे घर की तलाशी लूंगा । तुम्हारे पास पांच हजार के नहीं बीस हजार के जेवर हैं । घोषणा से और कोई लाभ हो या न हो कुरप्शन बहुत ज्यादा बढ़ेगा । जो अधिकारी इंस्पैक्टर बनेगा वह बहुत मालामाल हो जाएगा, गवर्नमेंट को सोना मिले या न मिले, गवर्नमेंट को इससे कोई लाभ हो या न हो, उसको तो बहुत हो जाएगा ।

इस में बड़ा भारी आप स्मगलिंग का एक प्राविजन रख रहे हैं । दफा १५ को आप देखें । आप इसके तहत मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों आदि को स्वतंत्रता दे रहे हैं, उनको जितना सोना भी कोई दे और जिस रूप में भी दे, वे ले सकते हैं । आप कह रहे हैं कि ये जो धार्मिक स्थान हैं इनको जिस रूप में भी दान मिले सोना मिले उसको वह ले लें । आज स्मगल किये हुए माल को यहां छिपाने की कोशिश भी की जाती है महंत लोग इस में मदद भी करते हैं । मुझे स्वामी जी इस बात को कहने के लिए क्षमा करेंगे, ऐसी मैं आशा करता हूं । इससे उनको सुविधा हो जाएगी । दान के रूप में थोड़ा आये तब और ज्यादा आये तब वे रख लेंगे और कोई हिसाब किताब उसका नहीं होगा । इन धार्मिक स्थानों को आप एग्जैम्प्ट कर रहे हैं इससे एक तरह से स्मगलिंग के लिए रास्ता खुल जाएगा, इस तरफ से वह हो सकेगा । मंदिरों मस्जिदों में करोड़ों की सम्पत्ति रहती है जिस को ले कर हम देश की तरक्की के काम में लगा सकते हैं । लेकिन यहां तो उलटे आप उनको और भी सोना लेने की छूट दे रहे हैं, एक रास्ता दिखा रहे हैं । राजस्थान में नाथद्वारा मंदिर का किस्सा आपको मालूम ही है जिस को ले कर मुकदमा भी चला था । कितना वहां माल था, इसका अंदाजा ही नहीं था । कोई हिसाब किताब ही नहीं था । मैं समझता हूं कि आप गोला कंट्रोल नहीं अध्यात्म को ही कंट्रोल करने जा रहे हैं ।

सोने के बारे में कहा जाता था कि यह तपा तपाया सोना है । सोने की पवित्रता, सोने की अच्छाई, सोने की परख आदमी के ऊपर की जाती है । यह सोना है अपने व्यवहार में, इस तरह की बातें भी कही जाती हैं । आज सोने को भी हमने कुरप्ट कर दिया है, उसको भी एडल्ट्रेट कर दिया है । कुरप्शन को हम खत्म करने की कोशिश करते हैं लेकिन यहां हम कानून बना कर कुरप्शन करते हैं । इस विधेयक को बना करके आप कुरप्शन करना चाहते हैं । क्या देश का हित होगा इससे, पता नहीं । नौ कैरट और चौदह कैरट की बात कही जाती है । यहां कच्चा सोना भी था और पक्का सोना भी । कच्चा सोना चौदह कैरट का या पंद्रह कैरट का बनेगा तो महाजन लेगा, विक्रेता लेगा । लेकिन आप तो मजबूरन, कानून के द्वारा चौदह कैरट के ही बनाने की व्यवस्था कर रहे हैं, २२ कैरट के बजाय । मैं आपसे निवेदन करता हूं कि अगर आपको सही मानों में जनमत का ख्याल है, जन प्रतिनिधियों के मत का आप आदर करते हैं तो आप गिनते जाइये कि कितने सदस्य इसका स्वागत कर रहे हैं और कितने इसका विरोध कर रहे हैं । अगर इसका विरोध करने वालों की संख्या अधिक हो तो परिस्थिति तथा न्याय का ग्रह तकाजा है कि आप इसको वापिस ले लें । अगर आपको जनमत जानना है तो हम भी तो जनता के प्रतिनिधि हैं, जनता के राय चाहे यहां से आये और चाहे बाहर से, आपको आदर करना चाहिये । आप देख लें

[श्री सिंहासन सिंह]

कि कितने आदमी कितने सदस्य इस पर बोले हैं और उन में से कितनों ने इसका समर्थन किया है। अगर समर्थन करने वालों की संख्या अधिक हो तब तो आप इस बिल को पास करवा लीजिये और अगर कम हो तो मत करवाइये। ऐसे विधेयक पर, मैं सचेतक से कहूंगा, कि गवर्नमेंट पार्टी को भी आजादी होनी चाहिये अपनी राय देने की। उनको स्वतंत्रतापूर्वक राय देने की छूट मिलनी चाहिये। यह देश की आर्थिक समस्या से ताल्लुक रखता है, सामाजिक व्यवस्था से ताल्लुक रखता है, श्री कृष्णमाचारी या श्री भगत की राय का ही यह सवाल नहीं है। यह देश की आर्थिक अवस्था का सवाल है। आर्थिक व्यवस्था सुधारने में हम मंत्री महोदय के साथ हैं।

Shri Alvares (Panjim): Mr. Deputy-Speaker, the desire to acquire and hold gold is as ancient as it is universal. At all times people, as soon as they became conscious of the value of this metal, have resorted to buy and equate it with various forms of satisfaction. It is only when it acquired a degree overtone that inconveniences have been felt. One such instance is in America where the present Government holds the largest stock in the world. This quantity is so inconvenient to it that periodically, in order to maintain its value, the US Government has to get rid of it as something inconvenient. In India also there is nothing wrong in the common man wanting and desiring to hold a certain amount of gold either as a measure of ornament or for the purpose of security. Economic conditions and tradition have so conspired together to give gold greater security and money value than the currency of the present Government and, therefore, we must view this issue in this context. So, if the common man is trying to retain a little amount of gold either for security or for ornament, there is nothing unsocial or evil; it is natural. But it is only, as I said, the overtone that causes a disturbance in the economic situation that we have to take notice of. The Government of India's case is that the amount of smuggling of gold has reached such proportions as to make a serious drain on the foreign currency reserves of this country. At the same time, another argument that they have not put forward is that gold today, in a very large measure, is a parallel currency, parallel to the rupee, parallel to the Government financial channels, and acts completely as a parallel upsetting all Government price stabilisation measure that they may want to apply from time to time.

It is only in this context that one can think of putting some restraint or restriction on the holding of gold and its circulation. Otherwise there is no justification whatever why this measure should have been introduced at all.

We are told that it was necessary to conserve our resources. We have had twelve years of planning, and yet it required the pressure of the Chinese invasion for Government to realise that it was time to put a stop to the drift of foreign exchange reserves that were being frittered away because of a vast amount of gold being smuggled into the country. Therefore, the question must be tackled at the social level and at the level of circulation.

We in India during the past many years have come to recognise the supremacy of gold in distinction of the people of more developed economies who prefer to put their savings, more or large, whatever they are, into more modern channels like a bank account. It is difficult for the common man in India to envisage that he would put his small savings in a bank account. And therefore, traditionally, he puts it, whatever it is, whether it is a dowry or a bonus in the case of an industrial worker, he onverts it into gold for safety. That is not much, but that is safe. And at this stage the Government must tackle this evil socially by impressing upon the people that it is not necessary for them to invest in

gold either for the purpose of costume jewellery or for security, that the same amount of ornamental value and the same amount of security is available in the bank account and they can buy tinsel in the form of 14 carat gold.

I am sure if Government were to work for a reorientation of the people's mind, much of this could have been achieved, rather than Government coming down to the Gold Control Order under the Defence of India Rules and creating a grave economic situation in the country?

How grave was it, Sir? It is not commonly realised that the common citizen who invested in gold a tola or two tolas or ten tolas, suddenly found himself bereft of 50 per cent of his saving by the mere fact that the gold which he purchased at the rate of Rs. 123 and converted into ornament for security, could not now any more be traded for more than the international gold price of Rs. 62. In how many millions of homes the Government, by an arbitrary action, reduced their life savings! And in many a home today there is great resentment that the Government could not adopt more human measures in order to protect the common man from this great suffering.

What is the amount of profit Government made on this issue? I am sure Government must have come to a certain amount of administrative profit, as they come to on the issue of fresh currencies from time to time. And I would like a statement from the Finance Minister to tell us whether Government lost or gained in depriving the millions of this country of their hard-earned earnings.

There is also the question of the vast number of jewellers, traditionally skilled men, with their artistic skill second to none in the world and which cannot be acquired which must grow from family to family. Suddenly this vast aray of people were deprived of their employment without any alternative arrangement being made for their subsistence.

If it was necessary for the Government to introduce a revolution of this kind, economic, social it was surely necessary and possible for this Government to take adequate measures early enough to see that this vast number of poor people should not be literally thrown into the streets in such a manner that they saw no future before them, and many had to commit suicide in order to draw the attention of Government to the very serious situation in the country. Loans of three hundred or five hundred rupees will not help. How long can a loan of even five hundred rupees last for a family of five members since the time when the Gold Control Order was issued early in 1963? It is no use telling the people that we have to conserve the resources. Government, when they try to substitute an economic channel by a new one, must make adequate arrangements so that the people who have invested, the people who subsist by these methods will be able to find alternative employment and at the same time be able to transfer the securities without losing them to the tune of one hundred per cent.

Let us take the other question. What are the dimensions of this problem? It would be better if the Government had come out with a statement saying that this is the quantum of smuggled gold year by year, this is the amount of gold held in illegal channels in the country, and therefore we want to make some arrangement for this purpose.

Various estimates are given. The Government themselves are hesitating to give an estimate, either because they fear it will fall short of it or over-shoot the target. But it is obvious to everybody that if only Rs. 42 crores worth of gold has been declared with the Government, which is just 1 per cent of the average estimate in this country, the Gold Control Order in-

[Shri Alvares]

troduced under the D.I.R. is a complete failure.

Not only that, Sir. How is it possible for anybody, and how does Government expect the people to be so gullible that when there is today a recognised channel to trade gold at the rate of Rs. 123 in the bullion market, anybody would be silly enough to deposit gold with the Government at the rate of Rs. 62? If anybody opens the newspaper in the morning and looks at the quotation of the gold bullion market he will find the quotation of blackmarket gold—blackmarket sugad is not yet quoted in the newspapers—but blackmarket gold is quoted at Rs. 123.....(*Interruption*)....or Rs. 125, whatever it is.

Shri B. R. Bhagat: Rs. 118.

Shri Alvares: Rs. 118 as against Rs. 62 which is the international price at which the Government of India has fixed the price of gold and at which price it receives gold deposits. If the gold trade in this country has the impunity to declare and publish the rate of blackmarket gold in this country and invite people to trade in gold, surely the Government—I do not expect anything more from those people who trade in gold, the big sharks, the bullion market, the multimillionaires —but surely the Government should feel ashamed that such a thing can be done with impunity and printed in the papers, let alone its flourishing in the market. If Government want to control gold, the first thing they should do is to prevent any trading in gold. And the first measure to prevent trading would be not to let the price of blackmarket gold be printed in the newspapers. The hon. Minister Shri Bhagat will kindly take notice of this.

There is one point more in this Bill, and that is with regard to the gold deposits held in the temples. I am aware that this is a very delicate question. Gold was offered to the deities in the temples, in the churches, as a measure of offering, of distribution, of expiation, whatever you like to call it; and that gold is there, serving no economic purpose but the purpose of mere prestige. The amount of gold in all the religious institutions must be phenomenal in quantity. I have a little, knowledge about it. In the temples there is phenomenal quantity of gold deposited by the worshippers of that particular deity, whether they are churches or temples. This gold is serving no economic purpose. I know in many temples gold is being lent out to people at high rates of interest, much more than what the pathans or marwaris and the traditional moneylenders are accustomed to do. Much of the church land and temple land in this country is acquired for the temple or church in the same manner that the moneylender acquires lands because of non-payment of interest or the capital borrowed.

I think the Government would be well-advised, after creating the requisite psychological and social climate, in asking these temples to deposit their entire amount of gold in the Government coffers and not permitting them to retain it to themselves. I am sure that if this gold comes out, immediately there will be a social revolution in this country in the sense that people will recognise that gold does not play after all such an important part, and if the churches and temples can be persuaded in depositing the gold with the Government of India necessarily at the rate of Rs. 62, which is the national price, there will not be much attraction and invitation to the blackmarket for gold in this country.

I have no hesitation in saying that I support the general purpose of gold control in this country. But I entirely oppose the Bill as put forward, because it will serve neither the purpose of stopping smuggling nor gold trading in this country.

Shri Sham Lal Saraf (Jammu and Kashmir): Sir, my hon. friends have covered most of the ground which I

wanted to cover and to which I wanted to draw the attention of the Government. When the gold control order was placed before the House, there were two objectives: firstly, stopping of smuggling and secondly bringing down the price of gold in this country thereby resisting the attempt to smuggle gold into the country. This gold control order has been in operation for nearly 1½ years now. Has it achieved any of the objectives? I would say respectfully that none of the objectives has been achieved.

Smuggling has not been stopped. May be to some extent it is reduced, but even from the replies given by the Government to our questions, we find that smuggling is still going on. I have heard a little more about it from my hon. friends this afternoon like Mr. Solanki. The figures quoted go to prove how systematically smuggling is going on non-stop in this country. Secondly, the prices have not at all come down. As pointed out by Mr. Alvares, it is not merely the black-market price, but it is an open price quoted the newspapers. So, the purposes for which the order was brought have been absolutely defeated. I can say with a full sense of responsibility that it is hardly possible to get gold in the country at the official rate fixed by Government. So, we have to think twice before making this order a firm or permanent one.

Over and above this, there is unemployment in the country. In my own State, there are not only goldsmiths in the same way as we find elsewhere, but there are also handicrafts in which workers are engaged. I can tell the minister that hundreds of them have been absolutely rendered unemployed. They have no work. They can get work from different parts of the country and from outside also, but there is no gold for them. There is nothing that they can get, so that they can work and continue their profession.

I am not speaking with any sentiment or emotion, but I say as a realist that suicides have been going on; whether their number is less or more, the fact remains that they have been going on because unemployment is rampant all round. Therefore, it is time for us to reconsider whether the passing of an order like this will help. I must say that it has not helped. Therefore, it is time for fresh thinking whether this order should be put on the statute-book.

In Rajasthan, a number of artistic things are being made by the workers there. The moneyed-people are able to indulge in their business, but so far as the smaller workers the actual artisans are concerned, they are starving and they do not yet work. They cannot get gold and therefore they are not able to continue in their profession.

My friend, Shri Banerjee talked about 14 ct. gold ornaments. I have a little experience of this, having been a jeweller myself for sometime. We have been manufacturing and selling jewellery. We used to make a number of ornaments with 14 ct. or 9 ct. gold, but we could sell them only to Europeans. I absolutely agree with my hon. friend that as far as we Indians are concerned, in our Indian homes, it is not possible and it has not been possible to make our women wear this 14 ct jewellery. Whether it is my mother or Mr. Prakash Vir Shastri's sister or daughter, they would never wear 14 ct. gold ornaments. Firstly, the feeling is there that it is not pure gold. I must say it very frankly that nothing less than 18 or 22 ct. gold is wanted by them. I know a number of marriages which have taken place during the last 1½ years and I can assure the hon. Minister, with a full sense of responsibility that there is hardly anybody who has married his son or daughter with 14 ct. jewellery. Either they get smuggled gold or they pay the black-market price for gold and make the ornaments. I know a number of people have done that. So, what is the use of placing such orders on the statute?

I must say that Government brought it with the best of intentions and we gave our full support to it at that time.

[Shri Sham Lal Saraf]

But after 1½ years, we have to do some fresh thinking on this problem taking into consideration what has actually happened. Let anybody here either on this side or that side say that a marriage has taken place where they have purchased 9 ct. or 14 ct. gold jewellery. It is pure gold, 18 carat or more; never less. I can tell you that even educated girls absolutely refuse to touch gold which is less than 20 carat. So, I would again say as a member of the Congress Party, as a colleague of the Minister who is holding this portfolio, that he would kindly remember this that a measure of this nature will not help. He has to consider this subject dispassionately. Merely referring the matter to the Joint Committee alone will not help. We have to consider the matter realistically and then arrive at certain conclusions.

When orders are passed, or rules are made, it is not as if a person would straightway infringe or would like to infringe those orders or rules. No. But our social system is such, the present day conditions are such that one cannot help infringing the rules to get gold.

I would say further what is in my mind, which may perhaps help in viewing this subject in its proper perspective. While I do not have the full time to explain it in detail, I will say this much that by promulgating or amending the rules you are opening the floodgates of corruption with the appointment of inspectors and administrators and grant of licences.

We have met a number of deputations from Punjab and Jammu and Kashmir of swarankars, goldsmiths who have come and explained their pitiable position and the difficulties confronting them. Some of them earn a rupee or two a day. Now, under the rules they have firstly to get a licence to buy some gold for themselves for doing work. Licence for that? From where can they get the money to purchase the gold first? So, you must give a realistic approach to this question. Though I have personally given full support to this measure last year, as was done by many of my colleagues here, after the experience of its working for a year and a half, I honestly find it very difficult to support this measure, because it cannot be effective by the very nature of things.

As far as business in gold is concerned, in spite of the rules and standing orders, in spite of the people being aware that sale in gold of more than 14 carat would be infringing the law, I can say very frankly that even now people buy and sell gold. They will never stop it. In fact, they will not be able to stop it because of our social conditions. So, this measure will only be opening the floodgates of corruption and defeating the very purpose of this Bill. Then, when you give exemption to religious institutions, be it Hindu, Muslim or Christian—I hope my friends will excuse me when I say that they already indulge in many corrupt practices—you would be giving them an opportunity to increase their corrupt practices or malpractices. In my opinion, that provision should have been rejected outright instead of giving it a place in the Bill because of its bad effects. I hope my friends in the Joint Select Committee will look to it in a realistic and dispassionate way instead of being guided by the sentiments of the people.

Lastly, having a little bit of experience of administration, I can say that the more laws and more controls we have of business, the less it will prosper and corruption will also increase. On the other hand, the less we control our business the less we control the general working of commerce, the more it will prosper and develop.

Therefore, with these observations, I would respectfully submit that the hon. Minister and his colleagues in

the Joint Committee will go through every provision very carefully and correct them wherever necessary and bring the Bill back to the House with such modifications as they deem necessary so that it will be an improvement upon the original Bill.

श्री काशी राम गुप्त (अलवर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सोचता था कि इस बिल के लाने से पहले यह सरकार कम से कम इस बात की जानकारी देगी कि उस ने चौदह कैरट का जो तरीका निकाला है उस का क्या नतीजा हमारे सामने आया है। माननीय मंत्री महोदय ने अपने भाषण में इस बात का कोई जिक्र तक नहीं किया। इस विषय में जो भी माननीय सदस्य अब तक बोले हैं, वे सब एकमत हैं, लेकिन मैं समझता हूं कि फिर भी माननीय मंत्री पर शायद कोई प्रभाव पड़ने वाला नहीं है।

मैं यह भी सोचता था कि शायद वह यह नहीं भूलेंगे कि जहां खुले व्यापार के समय चालीस, पचास करोड़ रुपये के चोरी के सोने की बात थी, वहां इनकम टैक्स और सेल्ज टैक्स के रूप में करोड़ों रुपयों की आमदनी भी सरकार को होती थी। जब से इस प्रकार की पाबन्दी लगाई गई है, इनकम टैक्स और सेल्ज टैक्स के वे करोड़ों रुपये चोरी में चले गये हैं। यदि वह इस बात की जांच करायें, तो उन को मालूम होगा कि उन की इस कार्यवाही से देश को कितना भारी आघात पहुंचा है—कितने करोड़ रुपये बिक्री टैक्स के प्रदेश-सरकारों के और कितने करोड़ रुपये इनकम टैक्स के केन्द्रीय सरकार के मारे गये हैं। लेकिन उन्होंने इस बात की जांच करने के लिये कोई तकलीफ़ नहीं उठाई।

इस देश में चार हजार करोड़ रुपये का सोना बताया जाता है। जब मंत्री महोदय के पास ४२ करोड़ रुपये के आंकड़े आते हैं, तो उन को यह फ़िक्र नहीं होती कि कहां है वह सोना—वह मन्दिरों, मस्जिदों या गिरजाघरों में है, करोड़पतियों के जेबों में है या ग़रीबों के पास है। ज़ाहिर है कि जो सोना चोरी से आता है, उस का बड़ा भारी भाग उन लोगों के पास चला जाता है, जोकि ब्लैक मनी को छिपाना चाहते हैं। ब्लैक मनी को छिपाने के लिए सोना एक बहुत अच्छा उपाय है। आप बम्बई और कलकत्ता के बाज़ार में जा कर देखिए। वहां पर एक नया नारा लग गया है कि इस को एकाउंट नम्बर टू में रखना। दो नम्बर का खाता और चल गया है। इस तरह एक पैरालेल सरकार चल रही है, लेकिन सरकार का ध्यान उधर नहीं जाता है।

जब सरकार मन्दिरों के सोने को नहीं छुएगी, जब वह करोड़पतियों के ज़ख़ीरे को हाथ नहीं लगायेगी, तो फिर वह इस तरह का कानून बना कर आम जनता की भावनाओं को ठेस क्यों पहुंचाना चाहती है ? जब साधारण जनता विवाह-शादी आदि उत्सवों पर सोना नहीं खरीद सकेगी, तो वह खुश नहीं होगी। इस के अतिरिक्त जब उस को गिरवी रखने की आवश्यकता होगी, तो उस के सामने बड़ा संकट होगा। तो फिर लाभ किस को होगा ?

माननीय सदस्य, श्री सोलंकी, ने जो कुछ बताया है, उस से ज़ाहिर है कि जो सोना चोरी से आ रहा है, वह घटा नहीं है। इस बारे में जब कभी प्रश्न किया गया, तो दोनों वित्त मंत्रियों के जवाब एक दूसरे से बिल्कुल भिन्न रहे हैं। श्री मोरारजी देसाई कहते थे कि सोने की चोरी कम हो गई है, लेकिन श्री कृष्णमाचारी कहते हैं कि मैं कैसे कह सकता हूं कि चोरी कम हो गई है– अगर मुझ मालूम हो जाये, तो मैं होने क्यों दूं ? वे दोनों एक दूसरे के विपरीत बात इस सदन में कहते रहे हैं।

[श्री काशी राम गुप्त]

जब वर्तमान वित्त मंत्री कहते हैं कि मुझ चोरी का पता नहीं है, तो फिर चालीस, पचास करोड़ का अन्दाजा वह कैसे लगाते हैं ? इस बिल को सिलेक्ट कमेटी को भेजने के लिए इस सदन में लाने से पहले उन को इन सब बातों की जानकारी प्राप्त करनी चाहिए थी और इस के लिए एक जांच कमेटी बिठानी चाहिए थी । तब वह किसी निर्णय पर पहुंच सकते थे । अगर वह यह जानकारी प्राप्त करते, तो वह इस बिल को लाने का निर्णय न करते, बल्कि उन का निर्णय बिल्कुल दूसरा होता ।

आप आश्चर्य करेंगे कि सोने का मामला ऐसा है कि स्वर्णकार भी कहता है और सोने का व्यापारी भी कहता है कि सरकार इस को अपने हाथ में ले ले । प्राईवेट सेक्टर में कहीं भी व्यापारी यह नहीं कहता है कि सरकार अपने हाथ में ले ले । स्वर्णकार और सोने के व्यापारी इसलिए कहते हैं कि इस तरह के कानून के अन्तर्गत केवल झूठे और बेईमान लोग ही जिन्दा रह सकते हैं, ईमानदार आदमी जिन्दा नहीं रह सकते हैं । जिस तरह का कानून बनने जा रहा है, उस से दिन-ब-दिन ईमानदार आदमी का गला घुटेगा और बेईमानी का बाजार गर्म होगा ।

सीधा रास्ता यह था कि सरकार इस बारे में पूरी जांच करवाती । पहले तो यह देखना चाहिए कि क्या इस देश में चार हजार करोड़ रुपये का सोना है या नहीं । अगर वह है, तो कहां है ? उस का एक मोटा अन्दाजा इस सदन के सामने आना चाहिये था और उस के बाद यह सोचना चाहिए था कि बिना चौदह कैरेट की व्यवस्था किये हुए वह सोना उन लोगों से कैसे वापस लिया जा सकता है, जिन्हों ने सोना जमा कर रखा है । इस के लिए एक ही तरीका था कि विदेशों से जो सोना आता है वह सरकार के जरिये ही आयगा, ऐसी घोषणा सरकार करती, जितनी सोने की जरूरत होगी उतना ही आयगा । सरकार कहती है कि चार हजार करोड़ रुपये का सोना लोगों के पास है । तो वह कह सकती थी सीमा निर्धारित करते समय कि कितना जेवर के आधार पर हो और कितना बिना जेवर के करना है । लेकिन चौदह कैरट का झगड़ा कभी किसी सूरत में न करती । इस से साधारण लोगों को कठिनाई न होती, न सुनार बेरोजगार होते और न कोई और बात होती । लेकिन सीधी सी बात न कर के वह चौदह कैरट की बीमारी पैदा करती है । इस को इस सदन के एक भी माननीय सदस्य ने सही नहीं माना है और न ही देश के किसी भी आदमी ने सही माना है । लेकिन यह सरकार अपनी तरफ से दलीलें देती रहती है । दलीलें देने में मैं समझता हूं मंत्रीगण सिद्धहस्त हो चुके हैं । दलीलें देने के ऐसे ऐसे उन्होंने तरीके ढूंढ रखे हैं कि उन में अगर दम न भी हो तो भी उन के ऊपर वे पलस्तर लगाते रहते हैं । इस काम में वे सिद्धहस्त हैं । मैं जानता हूं कि क्या ये दलीलें देंगे । ये कहेंगे कि अगर चौदह कैरट नहीं करते हैं तो फिर यह जो लोगों की सोना रखने की मनोवृत्ति है यह कम नहीं होगी । इसका मतलब यह होता है कि डंडे के जोर से चौदह कैरट बना कर के, उस में खोट मिला कर जब देंगे तब के सीधे होंगे । एक तरफ तो खोट मिलाने को बुरा कहा जाता है और दूसरी तरफ सोने के मामले में खोट मिलाना देश-हित का कार्य समझा जाता है । देश-हित तो तब हो अगर उस पर अमल हो सके । जिस हद तक अमल हो सका है, वह स्पष्ट रूप में आपके सामने आ गया है । माननीय सदस्य श्री सर्राफ़ ने कहा है तथा दूसरे माननीय सदस्यों ने भी कहा है कि सोने का खुला बाजार हो रहा है और करोड़ों रुपये का वह

होता है। ऐसी स्थिति में इस तरह का कानून बनाने का क्या लाभ होगा ? अच्छा सिलेक्ट कमेटी के सामने जब यह जाय तो हमारे साथी जो उस में हों कहें कि चौदह कैरट की बात नहीं रखी जानी चाहिए। जो बातें भी रखी जायेंगी वे बीस या बाईस कैरट की रखी जायेंगी। अगर इस चीज को मान्यता दे दी जायगी तो दूसरी बातें भी हो सकती हैं, दूसरी बातों का हल भी निकाला जा सकता है।

मात्रा का कायम करना जरूरी है, चाहे वह जेवर की शक्ल में हो या सोने की शक्ल में हो। लेकिन उस में रुपये का हिसाब नहीं होना चाहिये। कारण यह है कि रुपया तो वैल्यु में फलक्चुएट होता रहता है उस में तो उतार चढ़ाव होता रहता है। तोलों अथवा ग्रामों में मात्रा होनी चाहिए।

अगर आप जबर्दस्ती कोई काम करवाना चाहते हैं तो वह नहीं हो सकता है। यह बात शराब के मामले में सिद्ध हो चुकी है। इस जबर्दस्ती से कोई नतीजे नहीं निकले हैं। इस मामले में भी आप ने जबर्दस्ती की तो उसका नतीजा यह होगा कि लोग छिपा कर रखने की कोशिश करेंगे। उन को आप उतनी मात्रा में सोना रखने की बात कहें जितना विवाह शादी तथा दूसरी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जरूरी हो। उस को आप निश्चित कर सकते हैं। उस को सिलेक्ट कमेटी निश्चित कर सकती है। लोगों के पास कितना सोना है गरीब लोगों के पास कितना है ? विवाह शादियों के लिये दूसरे कामों के लिए सोने की लोगों की जरूरतें रही हैं। बाकी के लिए नहीं रही हैं। आज उलटा हिसाब है। आप करोड़पतियों को दो दो महीने की छूट दे देते हैं सोने के जेवर आदि बनवा लेने की और अगर वे ऐसा कर लेंगे तब उन को जरूरत नहीं रह जायगी बतलाने की। आप जब जेवर मांगेंगे तब तक वे सारे का सफाया कर चुके होंगे। करोड़ों रुपये का सोना है उस को आप निकाल नहीं सकेंगे। आप ने इनकम टेक्स का कानून बनाया और कमिश्नर को पावर्ज तलाशी की दी हैं। लेकिन वे लोग ऐसे लोगों के हाथों में अपने सोने को पहुंचा देंगे जोकि इनकम टेक्स नहीं देते हैं जो उन के अपने आदमी हैं उस सोने को वे अपने घरों में रख लेंगे।

मैं समझता हूं कि आप खूब सोच विचार कर इस मामले में कदम उठायें। आप देखें कि किस तरह से छिपा हुआ सोना निकाला जाय। अगर आप यह समझते हैं कि छोटे लोगों के घरों की तलाशियां लेने से वह निकल सकता है तो यह होने वाला नहीं है, यह निश्चित बात है। करोड़ों का जो आदमी है उसके पास ही करोड़ों का सोना हो सकता है साधारण आदमी के पास नहीं हो सकता है। आप निश्चित रूप से सदन को बतायें कि चार हजार करोड़ का जो सोना देश में है वह कहां है। अगर यह नहीं है तो आप की जो बात है वह झूठ सिद्ध हो जाती है रिजर्व बैंक जो कहता है वह गलत है और अगर सही है तो कितना है और कहां है इसको आप निश्चित रूप से बतलायें। जब तक यह निश्चित नहीं हो जायगा कि किन किन क्षेत्रों के पास किन किन वर्गों के पास है तब तक इस बिल को नहीं लाया जाना चाहिये। हमारे बनर्जी साहब ने कहा कि इस को पब्लिक ओपीनियन जानने के लिए प्रसारित किया जाय। मैं निवेदन करता हूं कि इस बिल को वापिस ले लिया जाना चाहिये और जांच की जानी चाहिये कि चार हजार करोड़ रुपये का सोना जो है वह कहां है देश में। जब तक इस की जांच कर के रिपोर्ट सदन के सामने पेश नहीं कर दी जाती है तब तक आप को कोई अधिकार नहीं है इस तरह के बिल को लाने का जिस से जनता परेशान हो। इसको यदि यह सदन पास करता है, अगर आप इस को व्हिप के जोर से पास करवाते

[श्री काशी राम गुप्त]

हैं तो लोक सभा को आप कलंकित करेंगे । लोग क्या कहेंगे ? किस तरह की यह लोक सभा है जो बिना जानकारी के बिलों को पास करती है, इस प्रकार के ऐक्ट बनाती है । यह कोई खेल तमाशा नहीं है जिस को सरकार करने जा रही है । मुझे अफसोस हुआ है कि श्री कृष्णमाचारी साहब ने भी उसी बात को कहना शुरू कर दिया है जिस को हमारे मुरारजी देसाई साहब कहा करते थे । मैं जानता हूं, मुझे इस बात का अनुभव है कि यहां की ब्यूरोक्रेसी बहुत मजबूत है । जब वह नोटिंग कर के इन के सामने इस तरह की बात रख देती है तो ये घबरा जाते हैं और मजबूर हो कर ये उसी तरह के गीत गाने लग जाते हैं . . .

श्री ब० रा० भगत : यह कैसे जानते हैं आप ।

श्री काशी राम गुप्त : यह बात मैंने कांस्टीट्यूशन बिल पर देखी है । उस वक्त भी इसी तरह की बात आई थी प्लानिंग कमिशन की तरफ से । इन को हिम्मत करनी चाहिये, जनता की आवाज को पहचानना चाहिये । एक आदमी भी इनको ऐसा नहीं मिल सकता है जो कहे कि चौदह कैरेट की चीज व्यावहारिक है देश के लिए । जब डेढ़ बरस में यह प्रमाणित नहीं हो सका है कि वह चीज क्या होगी, किस तरह से चल सकती है तो फिर क्यों उसके ऊपर दबाव डाला जा रहा है ? इस को सिलैक्ट कमेटी के पास भेजा जा रहा है । अच्छा होता कि आज जो बहस हुई है उस को देखते हुए इस को वापिस ले लिया जाता । दोनों तरफ से किसी ने भी इस का समर्थन नहीं किया है । अगर यह सिलैक्ट कमेटी के पास चला भी जाय तो मैं चाहता हूं किसब से पहले फैसला वह चौदह कैरेट के बारे में करे और बिल को वापिस कर दे यह कह कर कि हम आगे तब चलेंगे जब तीन चार बातों की जानकारी सरकार दे देगी । पहली बात तो यह है कि चार हजार करोड़ का सोना कहां है । दूसरी यह कि क्यों सरकार इस को नैशनलाइज नहीं करती है, इस ट्रेड को क्यों अपने हाथ में नहीं लेती है, क्यों नहीं उस की उचित मात्रा भविष्य के लिये देने के लिये निर्धारित करती है । तीसरे यह कि क्यों नहीं करोड़पतियों का सोना इंटरनेशनल भाव पर ले लेती है ? सरकार जानती है कि करोड़पति उसकी रीढ़ की हड्डी हैं । अगर उन को करोड़ों का नुकसान हो गया तो इस को चंदा कहां से मिलेगा ? इसलिए सरकार इस तरह के कानून बनाने से घबराती है । इस तरह के कानून से वे तो बच जायेंगे, पिसेंगे तो गरीब आदमी ही पिसेंगे । सुनार जो थोड़ा बहुत काम करते हैं, वे भी मारे जायेंगे । सुनार के सिर के ऊपर, छोटे सर्राफ के सिर के ऊपर रोज इंस्पैक्टर तलवार लटकाये बैठा रहेगा और वह उन से मिला रहेगा, उन को चूसता रहेगा । आवश्यकता इस बात की है कि इस पर पुनर्विचार किया जाय । चोरी छिपे जो सोना आ रहा है, जो इस का व्यापार हो रहा है, उस से सरकार को करोड़ों का नुकसान हो रहा है । ऐसे कानून बना कर सरकार लोगों को पतन की ओर ले जाना चाहती है । जब कानून ऐसा हो कि लोग पतन की ओर जायें, रोज चोरी का अभ्यास पड़ता हो तो वह कानून कभी सही नहीं हो सकता है । इस प्रकार से पुलिस राज का जो कानून है, जिस को आज बनाया जा रहा है वह हमारे देश को पतन की ओर ले जायेगा । लोग कहेंगे कि आप प्रगतिशील नहीं हैं । कोई भी आदमी नहीं चाहता है कि सारे रुपये को वह सोने के रूप में रख ले । आखिर सोने की ओर लोगों का दिमाग क्यों है ? इसलिए नहीं है कि उन को सोने से बहुत ज्यादा मोह है । इसलिए है कि कुछ व्यावहारिक कठिनाइयां हैं, कुछ ऐसी बातें हैं जिन के लिए सोना होना जरूरी है । अभी हमारा बैंकिंग सिस्टम ऐसा नहीं हुआ है कि लोग उस से पूरा पूरा फायदा उठा सकें । सरकार के जो तौर तरीके हैं,

लोन्ज वगैरह के जो तरीके हैं, वे ऐसे नहीं हैं कि सब लोग आसानी से उन को समझ सकें। समय आ रहा है, वह भी होगा। इसके लिए प्रचार होना चाहिये। पीटर अल्वारेस साहब ने बहुत सही बात कही है। अगर सरकार इस तरह का कानून न बना कर, इन दूसरी बातों की तरफ अपनी ताकत लगाती तो बहुत कुछ हो सकता था। वह मात्रा कायम कर सकती थी शुद्ध सोने के लिए कि अपने टोटल एसेट्स का, कुल सम्पत्ति का इतने से अधिक सोने में नहीं रखा जा सकेगा। ऐसी कोई पाबंदी सरकार लगा सकती थी। वैज्ञानिक तरीके से सोच कर उसको कोई कदम उठाना चाहिये था, खूब सोच समझ कर आगे चलना चाहिये था। आप तो योजनायुक्त आधार पर देश को आगे ले जाना चाहते हैं। जब आप इस प्रकार के कानून बनाते हैं बिना पूरी जांच किये, बिना किसी रिपोर्ट को तैयार किये, बिना वस्तुस्थिति को जाने, तो आश्चर्य होता है। इस तरह के कानूनों से कोई लाभ नहीं हो सकता है।

मैं समझता हूं अच्छा हो अब भी सरकार सोच ले दुबारा और अगर वह इस को वापिस लेने का निर्णय नहीं करती है तो मैं सिलैक्ट कमेटी से प्रार्थना करता हूं कि वह इस को वापिस भेज दे और पूरी जांच पड़ताल के बाद ही यह बिल आवे। इस प्रकार का बिल पास करना वस्तुस्थिति के विपरीत पड़ेगा और देश को रसातल को ओर ले जायेगा।

Mr. Deputy-Speaker: Shrimati Savitri Nigam is not here. Shri N. M. R. Subbaraman is also not here. Shri K. C. Sharma.

Shri K. C. Sharma (Sardhana): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I very attentively listened to the arguments of my hon. friends on the right and I sympahthise with their feelings, but I would most respectfully.....

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : हमारे शर्मा जी का भाषण हो रहा है, लेकिन हाउस में कोरम नहीं है।

Mr. Deputy-Speaker: There is no quorum.

Shri U. M. Trivedi (Mandsaur): There are only 36 hon. Members. 14 more are required.

Mr. Deputy-Speaker: The bell is being rung. Now there is quorum; he may continue his speech.

Shri K. C. Sharma: Sir, I was listening very attentively to the arguments of the hon. Members on my right and I sympathise with their feelings. But I would most respectfully submit that this might be an extra-ordinary measure. Ours is a poor country where 250 millions of people get food below the average necessity for keeping the human flesh and bone together. It is the poorest country in the world so far as the nourishment of the human body is concerned and yet Rs. 4000 crores worth of gold is hoarded in this country. These are two great contradictions. You say, your daughter is not going to be married without enough gold on her body. Would your daughter like that her child will not be growing into a like a good human being? Would you like your child to grow into full manhood or would you like your daughter to be well-ornamented? These two things cannot go together. You have to choose between the two. We have to pass from, what is called, subsistence economy of micro economics into macro economics. Either you have to go to the world to buy things or you have to produce more and better goods and become better human beings, stronger men, to shape the destinies of things to come. If you are for the latter, you have to put up with the difficult situation as it is.

I have one more thing in mind. In the last great War, two great countries, England and France, fought their wars simply on the basis of their

[Shri K. C. Sharma]

gold reserves. They sold away every ounce of the gold that was in their treasury. We are facing a situation in which Chinese forces may at any time cross over the Hiamalayas and be a menace to our security. If that happens, there is no way out but to get every ounce of gold into the Government treasury and get a every ounce of iron and steel from all over the world to equip our soldier well. What was the situation in the middle age? What was the ratio of men that used to fight for the security of the country? One-sixth of the population was recruited in the army. One-sixth of the population used to fight for the nation's sovereignty. Now, that ratio of one-sixth does not fight for the country's defence. It is an impossible proposition. What do we find now? Modern armaments are there; the guns are there; the aeroplanes are there; the atomic bombs are there and all that. From where does the atomic bomb come? From where does the aeroplane come? From where does your tanks come? They come from iron. You have to buy iron and steel; you have to buy engineering know-how and skill; you have to buy even the skills in the military strategy and even in war arrangements. One of the two things are necessary, either the foreign security or the gold. You have not got foreign security in your treasury. Gold is the only thing. It is not a pleasant situation. I do not say, you do not feel it. Everybody feels it But there is no way out.

The other proposition is to have a big push investment programme. Situated as we are, for the last few years, there were two propositions before the world. One was that Nehru was growing old and somebody else would come and he would not be able to keep the country together and that the country's stability will be shattered to pieces and it would be an invitation to the powers outside. What was another proposition? The other proposition was: Well, India is on the path of progress; a big planning is going on but there is no investment capacity so far as India is concerned to meet the situation as it is. When there is no so much capacity for investment, what will follow? The programme will not be implemented. The services will not be honest, active and efficient So, the country will again go to pieces. Either it will have the communist structure or it will be simply something like a client State to a big capitalist power. Now, I beg to submit that both these situations demand that there must be a way out by which the Government can have at any difficult moment all the gold available in the country. Nobody who thinks of the security of the country and nobody who thinks of the better and greater future generation of our country can stand against this measure.

Shri Nambiar: This Gold Control Order did not give you the gold. You are not getting it.

Shri K. C. Sharma: You are getting the information where the gold is.

So, I beg to submit that it is not a question of the easy way of life nor a question of sentiment. If is a question of way of life of the people as it is and it is a question for building a greater and better future generation of our country.

With these aspects of the question. I beg to submit that all precautions may be taken to see that people may not be put to unnecessary harassment, or necessary amendments may be made. But so far as the principle is concerned, we cannot run away from the situation as it exists today. Unpleasant though it might be, new though it might be yet we have to tackle the problem and meet the situation as it is.

With these words, I support the principle underlying this Bill.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : (बिजनौर) : उपाध्यक्ष महोदय, एक समय ऐसा था जब कि सोना हमारे देश में शोभा की धातु माना जाता था और आभूषणों के रूप में उस का प्रयोग होता था। अब सोने के आभूषण अवश्य बनते हैं लेकिन सोने के आभूषण केवल शोभा के लिये नहीं हैं अपितु वह एक तरह का संचित बैंक धन है जिस का गांव का छोटे से छोटा आदमी, छोटे से छोटा किसान, मजदूर अपनी स्थिति और अपनी शक्ति के अनुरूप संग्रह कर के रखता है।

प्रश्न यह होता है कि सोने को ही संचित कर के क्यों रक्खा जाता है जब कि देश में बैंक खुले हुए हैं और उन में अपनी राशि को सुगमता से रक्खा जा सकता है। उस का एक बड़ा कारण है, जहां तक मैं समझ पाया हूं वह यह है कि कई बार हमारे देश में एक इस प्रकार की घटनायें घटी हैं जिस से भारत की जनता को बैंकों की ओर से एक प्रकार का डर सा पैदा हो गया है। एक बार विशेषकर इस प्रकार की स्थिति हो गई तो हमारे देश में १०० रुपयों के नोटों का प्रचलन बन्द हो गया। जनता को विश्वास नहीं रहा जो गवनमेंट करेन्सी है उस में पता नहीं कब और किस रूप में परिवतन हो जाये। अभी कुछ दिन हुए देखा गया कि जिन लोगों का पलाई बैंक में अकाउन्ट था उन पर बड़ा भारी संकट आया। उस बैंक के फेल हो जाने के परिणाम यह हुआ कि हिन्दुस्तान के न जाने कितने परिवारों पर उस का प्रभाव पड़ा। इसी लिये गरीब आदमी जिस के पास थोड़ी शक्ति है चूंकि वह बैंकों के पास नहीं जा सकता इस लिये वह आभूषणों के रूप में सोने को अपने परिवार की सुरक्षा के लिये रक्खे रहता है। और उस का सोने के प्रति यह मोह शताब्दियों और सहस्राब्दियों से ही नहीं, जब से देश का इतिहास मिलता है उस समय से ही हमें देखने को मिलता है। भारत सरकार ने सोने के तस्कर व्यापार को रोकने के लिये पहले इस सम्बन्ध में अधिनियम लागू किया था जिस को कि अब एक विधेयक के रूप में लाया गया है। मेरा अपना विचार इस प्रकार का है कि भारत सरकार जो उस को अधिनियम के रूप में लाये चाहे विधेयक के रूप में लाये, ऐसे अधिनियमों और विधेयकों द्वारा सरकार स्वतः ही अपने लिये अपनी अक्षमण्यता का प्रमाणपत्र ले लेती है। सरकार तस्कर व्यापार को रोकने में असमर्थ है यह प्रमाणपत्र उस अधिनियम से भी उसे मिला और अब इस विधेयक के द्वारा भी वही असमर्थता का प्रमाणपत्र उसे प्राप्त हुआ है।

दूसरी सब से बड़ी बात यह है कि हमारे देश में तस्कर व्यापार होता क्यों है और यह कहां है ? इस बात को तो वित्त मंत्री विशेष रूप से जानते हैं कि हमारे देश में यह तस्कर व्यापार विशेष कर सीमावर्ती क्षेत्रों में होता है। समाचारपत्रों में आये दिन के समाचार इस बात के साक्षी हैं और निष्पक्ष हृदय से अगर आप थोड़ा भी कहेंगे तो इस बात को स्वीकार करेंगे कि इस सोने के तस्कर व्यापार को छोटे मोटे आदमी नहीं करते हैं बल्कि यह सोने का तस्कर व्यापार बड़े व्यापारी लोग करते हैं, कुछ राज्यों के मिनिस्टर्स इस सोने के तस्कर व्यापार को करते हैं। बड़े और ऊंचा वेतन पाने वाले पुलिस के अधिकारी इस सोने के तस्कर व्यापार को करते हैं तथा ऊंचे नेताओं के द्वारा यह व्यापार किया जाता है। अगर शक्ति हो तो सरकार सीमा की पुलिस में इतनी सतर्कता लाये, इस तरह के मिनिस्टरों पर प्रतिबन्ध लगाये, नेताओं पर प्रतिबन्ध लगाये तब यह सोने का तस्कर व्यापार रुक सकेगा और इस में कुछ सतर्कता आयेगी। लेकिन इस सोने के तस्करी व्यापार को रोकने के सिलसिले में लाखों आदमियों की गर्दनों को फांसी के तख्ते पर लटका देना यह कोई अकलमंदी या बुद्धिमत्ता का प्रमाणपत्र परिचय नहीं माना जायेगा।

सोने का तस्कर व्यापार इस लिये भी होता है कि विदेशों के साथ जो देश का व्यापार

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

चल रहा है उस में ओवर ऐस्टिमेट और अंडर ऐस्टिमेट एक कारण रहा है। यह सोने के तस्कर व्यापार को बढ़ाने में एक प्रमुख कारण दिया गया है। इस ओवर ऐस्टिमेट और अंडर ऐस्टिमेट के चक्कर में होता यह है कि जो सोना बाहर से यहां पर आता है अब अगर आप उस सोने का आना इस प्रकार के विधेयकों के द्वारा बंद कर देंगे तो जिन का पैसा वहां पर है वह उसके बदले कुछ न कुछ तो लेंगे ही। अब तक सोना आता था, अब सोने के बदले में घड़ियां आयेंगी, ट्रानजिस्टर्स आयेंगे, फाउन्टेन पैन आयेंगे और दूसरी और तरह की चीजें आयेंगी लेकिन फर्क यह है कि सोना तो आखिर तक और हमेशा सोना ही रहेगा और कभी भी उस की आधी कीमत तो मिल सकती ही है। सोने का जो इतना मोह है उस को समाप्त नहीं किया जा सकता। घड़ियां, ट्रानजिस्टर्स, फाउन्टेन पैन, एक समय आयेगा जब कि वह अपनी आयु समाप्त कर बैठेंगे और वह धूल में मिल जायेंगे। इसलिए अगर उस के बदले में सोना आता है तो कम से कम सोना एक रकम के रूप में देश में हमेशा सुरक्षित तो रहता है। सोने से देश आर्थिक दृष्टि से उन्नत बनता है इस पर भी सरकार को विचार कर लेना चाहिये।

मेरा अपना अनुमान है कि सरकार को यह अधिनियम या विधेयक लाने का आकर्षण क्यों हुआ उस का कारण मैं यह समझता हूं कि जिस समय भारत पर चीन का आक्रमण हुआ तो देश के अन्दर एक अजीब राष्ट्रीयता का वातावरण उत्पन्न हुआ, चारों ओर से हमारे देश के नेताओं ने और विशेषकर हमारे स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री नेहरू ने जब यह कहा कि मुझे देश की रक्षा के लिए रक्त चाहिए तो देश के लोगों ने रक्तदान करने के लिये लाइने लगा दी। अस्पतालों में लोग कतारें बांध कर रक्त देने को खड़े हो गये कि हमारा रक्त ले लो। और चीन के विरुद्ध लड़ रहे हमारे वीर जवानों को यह पहुंचा दो। फिर कहा गया कि देश की सुरक्षा करने के लिए हमें सोना चाहिये तो लोगों ने सोना देना शुरू कर दिया और न केवल प्राइम मिनिस्टर को अपितु दूसरे नेताओं को भी जनता ने सोने में तोलना शुरु कर दिया। जब सरकार की निगाह में यह बात आई कि इस देश की जनता के पास इतना सोना है कि लोगों को सोने में तोला जा रहा है तो सरकार के मन में लालच समा गया और उस ने सोचा कि यह मुर्गी जो कि रोज एक सोने का अंडा देती है क्यों न एक साथ उस का पेट चीर कर तमाम अंडे एक दम से निकाल लिये जायें। उसी का परिणाम यह हुआ कि जब से यह गोल्ड कंट्रोल एक्ट लागू हुआ परन्तु पहले जो बहनें अपने सोने के आभूषण देती थी उस को यह विश्वास था कि अगर आज वह देश की रक्षा को अपने आभूषण सरकार को दे रही है तो कल को जब देश की स्वतन्त्रता बच जाती है तो चार पैसे उस के पास जब इकट्ठा हो जायेगा तो फिर उस के शरीर पर सोने के आभूषण हो जायेंगे। लेकिन जब से सरकार ने यह आर्डर निकाला कि आगे से १४ कैरट के गहने ही बन सकेंगे, शुद्ध सोने के अर्थात् २२ या २४ कैरट के जेवर नहीं बन सकेंगे तब से सोने के बड़े आभूषण तो देना दूर रहा, हमारी बहनें अपने हाथ की अंगूठी भी निकाल कर नहीं देना चाहतीं। देश में सोना जनता द्वारा दिये जाने की बात को स्वयं सरकार ने स तरह से समाप्त किया। सरकार की अबुद्धि-मत्तापूर्ण और गलत नीति ने उसे समाप्त किया। सरकार ने जनता रूपी मुर्गी के पेट में से जो कि रोज एक सोने का अंडा दिया करती थी, एक दम से उस का पेट चाक कर के तमाम अंडे इस तरह का कानून बना कर निकालने चाहे। उन्हों ने सोचा कि शायद इस तरीके से सारे देश का सोना उन के पास इकट्ठा हो जायेगा लेकिन उसका परिणाम उलटा हुआ और वह सोना अब भूमि के नीचे चला गया, अंडरग्राउन्ड हो गया। देश में जो एक वातावरण त्याग का बना था कि

भारत माता पर जो संकट आया हुआ है उस की रक्षा करने के लिये और उस की स्वतन्त्रता की रक्षा करने के लिये जनता अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तैयार हुई थी, सरकार की इस गलत नीति ने उस अच्छे वातावरण को स्वतः समाप्त कर दिया ।

दूसरी बात जो मैं २२ कैरेट और २४ कैरेट के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं वह यह है कि क्या वित्त मंत्री महोदय इस बात को स्वीकार नहीं करेंगे कि अभी भी हमारे देश में २२ कैरेट के सोने के आभूषण बनते हैं या २२ कैरेट के सोने के आभूषण बाजार में मिलते हैं ? अगर आज भी आप चाहें तो बाजार से २२ कैरेट के सोने के आभूषण ले सकते हैं । अलबत्ता वहां यह न बतलायें कि आप श्री बनी राम भगत वित्त मंत्री हैं । चांदनी चौक में जब आप किसी सर्राफ की दुकान पर पहुंचेंगे और आप आभूषण लेना चाहेंगे तो वह आपको कहेगा कि हमारे यहां आप को १४ कैरेट के आभूषण मिल सकते हैं, अगर लेना हो तो लीजिये । जब आप दुकानदार की यह बात सुन कर और निराश हो कर दुकान से उतरेंगे और दस कदम बढ़ेंगे तभी धीरे से कोई आदमी आप के पास आ कर कहेगा कि क्या, क्या चीज आप को शुद्ध चाहिये । जब आप कहेंगे कि हमें यह, यह चीज चाहिये तो वह कहेगा कि आप अपने घर का पता बतला दीजिये, कल आप के घर पर यह तमाम चीजें पहुंच जायेंगी । अगर दुकान पर भी वह देने के लिये कहेगा तो जब आप उन को लेने के लिये पहुंचेंगे तो वह कहेगा कि देखिये इन को सम्हाल कर अन्दर रख लीजिये । इस की कसाई मत करिये, कोई पुलिस वाला अगर आ जायेगा तो मुसीबत में हम दोनों पड़ जायेंगे । मेरा कहना है कि इस तरह से आप ने स्वयं देश में एक चोरी करने की प्रवृत्ति बढ़ाई है । सोने की शुद्धता को समाप्त कर के देश को एक गलत रास्ते पर चलने का अवसर दिया है । यह कोई बुद्धिमत्ता का कार्य नहीं हुआ । २२ कैरेट के शुद्ध सोने के आभूषण आज भी धड़ल्ले से लोग बनवा रहे हैं लेकिन इस तरह का प्रतिबन्ध लगा कर सरकार ने बेकार में लोगों में एक चोरी करने की आदत डाल दी है । इस तरह से एक्साइज इंस्पक्टर्स आदि के लिए आप ने एक अलग रिश्वत का दरवाजा खोल दिया है । इस अधिनियम और इस विधेयक के द्वारा इस के अतिरिक्त और कुछ होने वाला नहीं है ।

केवल दो बातें और कह कर मैं अपने वक्तव्य को समाप्त करूंगा । एक बात यह है जिस के कि लिए अभी विशेष रूप से श्री श्यामलाल सर्राफ ने संकेत किया था कि कृपा कर के हमारे इन धर्म मंदिरों की पवित्रता को आप नष्ट मत कीजिये ।

अन्य स्थानों में अपवित्रता आना भी वैसे तो खराब है ही लेकिन वह उतना चिन्तनीय नहीं है जितना कि हमारे धर्म मन्दिरों में अपवित्रता का आना है । धर्म मन्दिरों में इस प्रकार से और अपवित्रता आने लगगी यह विधेयक यदि लागू हो गया जिसमें यह होगा कि धर्म मन्दिरों में, गुरुद्वारों में, मस्जिदों में और गिरजाघरों में जो सोना है उस पर कोई प्रतिबन्ध नहीं लगेगा, जो लोग उनको देना चाहते हैं वे दें और वहां जिस प्रकार से अब तक उसका उपयोग होता है वह उपयोग भी हो तो सवाल यह है कि हिन्दुस्तान में कितने मन्दिर ऐसे हैं जिनमें कि तिरुपति के समान जो चढ़ावा चढ़ाया जाता है उससे इंजीनियरिंग कालिज और संस्कृत विश्वविद्यालय चल रहे हैं ? अगर धर्म मन्दिरों का वैसा उपयोग हो तो सारा देश उसका स्वागत करेगा लेकिन जो मन्दिरों की आड़ में अपवित्रता अब चल रही है आपका यह विधेयक तो उसको और प्रोत्साहन देगा । यह विधेयक जब इस तरह की स्थिति को पैदा करने में प्रोत्साहन देगा तो उस धारा को इस बीच में आप लाते ही क्यों हैं ?

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

तीसरी बात वह है जो आपने इन आभूषणों के सम्बन्ध में इस विधेयक में लिखी है। आभूषणों के कब्जे में करने की घोषणा किस प्रकार से होगी इसके सम्बन्ध में आपने कुछ स्पष्ट निर्देश नहीं दिये। कभी एक स्थान पर मैंने एक संस्कृत का श्लोक पढ़ा था। अब भी मुझे वह याद है। उसमें परमात्मा की भूल पर किसी ने संकेत किया था। परमात्मा की उसने चार भूलें गिनाई थीं। एक भूल तो उनकी यह थी कि उसने गन्ने में फल नहीं लगाया, दूसरी भूल यह की कि विद्वान को उसने धनी नहीं बनाया, तीसरी भूल उसने यह की कि सोने में सुगन्ध नहीं डाली। अगर सोने में भगवान ने सुगन्ध पैदा कर दी होती तो उसका मूल्य शायद और भी अधिक बढ़ जाता लेकिन उसके लिए एक विद्वान ने इस तरह उत्तर दिया कि अगर सोने में सुगन्ध पैदा हो जाती तो तिजोरियों में रक्खा सोना रास्ते में चलने वाले चोर को कह देता कि मैं यहां पर बैठा हुआ हूं, मालिक के हटते ही मुझे निकाल लेना। शायद इसीलिये भगवान ने सोने में सुगन्ध पैदा नहीं की।

यह जो आपने डिक्लेरेशन की बात रक्खी है और इस मंशा से रक्खी से कि आप इसके संग्रह को समाप्त करना चाहते हैं लेकिन मैं समझता हूं कि इस तरह आप भ्रष्टाचार और दूसरे चोरी के रास्तों को और खोलना चाहते हैं। मैं समझता हूं कि इस विधेयक को जिन्होंने ड्राफ्ट किया है और जिस प्रकार से इस विधेयक को लाया गया है यह परिस्थितियां भी देश के अनुकूल नहीं हैं देश के अन्दर जो वातावरण एकता का बना हुआ है उसको और देश के आर्थिक ढांचे को इसके द्वारा बिगाड़ना ही है।

सब से अन्त में जो बात मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि किसी भी देश में साम्यवाद कब आता है, कम्युनिज्म तब ही पनपती है जब उस देश का आर्थिक सन्तुलन बिगड़ता है, या उस देश का आर्थिक ढांचा लड़खड़ाने लगता है। आप इस प्रकार के विधेयक को लाकर इस देश के आर्थिक ढांचे को बिगाड़ना चाहते हैं। दूसरे शब्दों में आप इस देश में साम्यवाद को लाना चाहते हैं। अगर आप हृदय से ऐसी स्थिति पैदा नहीं करना चाहते तो आप इस विधेयक को वापस लें। सारी जनता की भी यही राय है। श्री सिंहासन सिंह ने ठीक ही कहा है कि अगर जनतन्त्र के आधार पर यह सरकार बनी है तो उसे जनता की भावना का आदर करना ही चाहिए। संसद के जितने भी सदस्य इस विधेयक पर बोले हैं या बोलने वाले हैं उनकी राय का आप आदर करें और उनकी मांग का विचार करते हुए इस विधेयक को वापस लें ऐसा मेरा आपसे अनुरोध है। धन्यवाद।

15.29 hrs.

[SHRI SONAVANE *in the Chair*]

श्रीमती सावित्री निगम (बांदा) : सभापति महोदय, मैंने इस गोल्ड कंट्रोल बिल को देखा है और अब तक जो भाषण इस सम्बन्ध में हुए हैं उनको भी सुना है। कुछ माननीय सदस्यों के भाषण सुन कर मुझे काफी आश्चर्य हुआ। अगर अधिकांश जेवर स्त्रियां ही उपयोग में लाती हैं तो सब से अधिक लगाव उनको ही होना चाहिए लेकिन जब देश पर विपत्ति आई और भारत की सुरक्षा की खातिर जनता से सोना देने की मांग की गई तो यह सोच करके कि देश का कल्याण इसी में है कि वह सोना जिसका कि अभी तक उपयोग केवल आभूषणों और सुन्दरता व शोभा के लिए होता था, उस सोने का उपयोग देश की सुरक्षा के लिये किया जाय, तो सोना देने में स्त्रियां ही सब से आगे आईं और उन्होंने दोनों हाथों से अपने स्वर्ण आभूषणों को सुरक्षा के लिये सरकार को दे दिया।

इसमें कोई सन्देह नहीं कि इस सदन के सभी माननीय सदस्य और देश के सभी अर्थ-शास्त्री यह जानते हैं कि सोने का जितना दुरुपयोग हमारे देश में होता है, उतना संसार के किसी और देश में नहीं होता है। आर्थिक दृष्टि से, राजनीतिक दृष्टि से अथवा सामाजिक दृष्टि से आगे बढ़े हुए जितने भी देश हैं, उनमें हमको हमेशा यह बात देखने को मिलेगी कि उन्होंने सोने के दुरुपयोग को समाप्त कर दिया है ।

आभूषणों और सजावट के लिये सोने के उपयोग के विषय में अनेक माननीय सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किये हैं । उन्होंने कहा है कि यह बहुत बड़ा अन्याय है, इससे हमारी संस्कृति और हमारे रीति-रिवाजों को धक्का लगेगा । किन्तु क्या मैं उनसे यह जान सकती हूं कि देश के रीति-रिवाजों और देश के चलन अधिक आवश्यक और महत्वपूर्ण हैं या देश की सुरक्षा, देश का कल्याण और देश की आर्थिक मजबूती अधिक आवश्यक है ?

अभी मन्दिरों का जिक्र हुआ । इसमें कोई सन्देह नहीं है कि मन्दिरों में—बहुत मन्दिरों में—बहुत बड़ी मात्रा में सोना छिपा हुआ है और इसमें कोई भी सन्देह नहीं है कि वहां जो सोना रक्खा हुआ है, उसके कारण ही आज मन्दिर और धार्मिक स्थान एक प्रकार के षड्यंत्रों के अड्डे बने हुए हैं । समझ में नहीं आता कि गोल्ड कंट्रोल आर्डर या गोल्ड कंट्रोल बिल उन सब कुरीतियों और विकारों को कैसे बढ़ायेंगे ।

मैं समझती हूं कि गोल्ड कंट्रोल आर्डर जिस भावना और जिस उद्देश्य से जारी किया गया था , उनमें केवल यही बात छिपी हुई थी कि जिस सोने का उपयोग देश के कल्याण के लिए होना चाहिए, जिसका उपयोग देश के कल्याण के लिए नहीं हो रहा है, उसका उपयोग देश के कल्याण के लिए हो । उसके पीछे यह भावना भी थी कि चूंकि आज सोना एक ऐसी गद्दी पर बैठा हुआ है, जिसके कारण देश में समाजवादी ढंग के समाज की रचना में और हमारी सामाजिक व्यवस्था की प्रगति में एक बहुत बड़ी रुकावट आ रही है, इसलिए इस सोने को उस गद्दी से उतारा जाये ।

मैं सिलेक्ट कमेटी के माननीय सदस्यों से यह प्रार्थना करूंगी कि जिस भावना से प्रेरित होकर गोल्ड कंट्रोल आर्डर जारी किया गया था, वह भावना इस विधेयक में अवश्य लाई जानी चाहिए ।

बहुत से माननीय सदस्यों ने कहा कि यह सुधार होना चाहिए, लेकिन उसके लिए यह समय नहीं है । मैं नम्रतापूर्वक यह कहना चाहती हूं कि किसी भी सुधार के लिए समय वही होता है जब कि वह सुधार लाया जाता है । सोने के इर्द-गिर्द जो इतनी बड़ी कुरीति लिपटी हुई है, उसको दूर करने के लिए उपयुक्त समय यही है और इसके बाद वह समय नहीं आने वाला है ।

मैं जानती हूं कि गोल्ड अंट्रोल आर्डर से देश के स्वर्णकारों को कष्ट हुआ । मैं यह भी जानती हूं कि उन लोगों को भी कष्ट हुआ, जिनकी ममता सोने पर है । मेरी ममता भी सोने पर है । मैं अब भी सोने के आभूषण पहने हुए हूं । लेकिन मैं जानती हूं कि सोने के आभूषणों का जितना बड़ा दुरुपयोग हमारे देश में होता है, अन्य किसी देश में नहीं होता है । इसको रोकने के बाद ही हम अपने देश में समाजवादी ढंग के समाज की रचना कर सकेंगे ।

एक माननीय सदस्य ने कहा कि सोना जन-साधारण के लिये बचत का एक बहुत बड़ा माध्यम है—जो गरीब किसान या दूसरे गरीब लोग बैंकों तक नहीं पहुंच सकते हैं, वे सोना खरीद कर अपना धन बचाते हैं ।

[श्रीमती सावित्री निगम]

लेकिन मैं बताना चाहती हूं कि जो बेचारे सोने को बचत का साधन मान कर, उस को एक प्रकार का बैंक मान कर, सोना खरीदते हैं, उनके बराबर किसी और का शोषण नहीं होता है । जब उनको आवश्यकता होती है, तो वह दो सौ रुपये की चीज़ खरीदते हैं, लेकिन जब वे बचारे बेचने जाते हैं, तो उन की चीज़ मुश्किल से पचास, साठ रुपये की बिकती है । इसके अतिरिक्त सोने के कारण चोरी का डर रहता है, जानो-माल का ख़तरा रहता है । जितनी बड़ी-बड़ी चोरियां और डाके होते हैं, उनमें वही बेचारे, भोले-भाले मारे जाते हैं, बचत के लिए जिनके पास बैंकों का सहारा नहीं है और जो घर में सोना डाल कर रखते हैं।

जो स्वर्णकार रोज हज़ारों तोले सोने का लेन-देन करते हैं, वे अपने घरों में उपयोग करने के लिए, पहनने के लिए अपनी पत्नियों को सोना क्यों नहीं देते हैं ? अगर आप उनसे पूछें, तो वे तुरन्त जवाब देते हैं कि अगर पांच तोले का कोई ज़ेवर पहना जाता है तो साल भर में वह पांच रत्ती घिस जाता है । आप अन्दाजा लगाइये कि कितने हज़ार तोले सोने हर साल इस देश में घिस कर फैंक दिया जाता है । रूस, अमरीका आदि जितने भी आगे बढ़े हुए देश हैं, उनमें आप कहीं भी आभूषणों के रूप में सोने का उपयोग नहीं पायेंगे । वहां पर हीरे, अन्य धातुयें, कास्ट्यूम ज्युअलरी भले ही पहनी जायें, लेकिन वे लोग सोने का उपयोग नहीं करते हैं । आख़िर हमें दूसरों से भी सबक सीखना चाहिए ।

श्री हुकम चन्द कछवाय (देवास) : माननीय सदस्या ने सोने की अंगूठी और चूड़ियां पहनी हुई हैं । वही पहले सबक सीखना शुरू करें ।

श्रीमती सावित्री निगम : मैंने यह बात स्वयं ही कही है । जो स्त्रियां आभूषण पहनती हैं, वे फिर भी आभूषणों से अधिक अपने देश को प्यार करती हैं । वे आभूषणों से अधिक अपने देश की तरक्की को प्यार करती हैं । वे यह नहीं चाहतीं कि वे हाथ में आभूषण पहने और देश का नुक्सान होता चला जाये । मैं माननीय सदस्यों से यह प्रार्थना करना चाहती हूं कि वे सोने को इस गद्दी से अवश्य उतारें ।

आप हमारे विवाह-शादियों को ले लीजिये । सोने की कुरीति सांप की तरह उनके साथ लिपटी हुई है । हमारे जन्म-मत्यु को ले लीजिए, तो उनके साथ भी सोना लिपटा हुआ है । यह कितने अफसोस के बात है । यह सोना काले सांप की तरह हमारे साथ लिपटा हुआ है । जब तक सोने के इस दुरुपयोग को नहीं रोका जाएगा, जब तक लोगों की मनोवृत्ति को नहीं बदला जायेगा, जब तक लोगों को यह नहीं समझाया जायेगा कि न तो सोने का धर्म से कोई सम्बन्ध है और न पवित्रता से कोई सम्बन्ध है, बल्कि जो धातु या जो वस्तु देश का उत्थान और प्रगति कराए, वह सब से पवित्र होती है, तक तक हम अपने देश में समाजवादी ढंग के समाज की स्थापना नहीं कर पायेंगे ।

मैं कहना चाहती हूं कि आज के युग में यदि हम लोग सोने के स्थान पर लोहे के महत्व को पहचानने लगें, तभी हमारे देश का कल्याण हो सकेगा । जिन-जिन देशों ने तरक्की की है, उन्होंने कभी-कभी तो अपने देश का पूरे का पूरा सोना लोहा खरीदने के लिए ख़र्च कर दिया है । रशिया की मिसाल हमारे सामने है । बहुत से माननीय सदस्य जानते होंगे कि वहां पर एक ऐसा ज़माना आया कि उसने अपने देश का सब सोना देकर बड़ी-बड़ी मशीनें और देशों से ख़रीदीं ।

इस सम्बन्ध में तस्कर व्यापार की भी चर्चा की गई है । गोल्ड कंट्रोल आर्डर जारी करने का एक उद्देश्य तस्कर व्यापार क रोकना तो था ही, लेकिन उस के अतिरिक और भी बहुत से उद्देश्य थे । परम्परागत

रूढ़ियों से लिपटा हुआ जो एक अजीब सा विश्वास सोने पर चला आ रहा था, उस को चोट पहुंचाने के लिए, लोगों की मनोवृत्ति को बदलने के लिए, लोगों के झूठे और ग़लत रीति-रिवाजों को तोड़ने के लिए—जो इस युग में ग़लत हो गए हैं, किसी युग में वे सही रहे होंगे—और सोने के असली उपयोग और असली महत्व को देश-हित में परिवर्तित करने के लिए ही यह गोल्ड कंट्रोल आर्डर लाया गया था ।

मैं चाहूंगी कि भले ही हम को कष्ट सहना पड़े, भले ही आभूषणों के लिए एक ज़र्रा भर भी सोना उपयोग में न लाया जा सके, भले ही चौदह कैरट क्या, एक कैरट के ज़ेवर बनने लगें, लेकिन जो देश की अमूल्य निधि है, जो लाखों करोड़ों तोले सोना आज अंडरग्राउंड है, चाहे उस को कनफ़िस्केट किया जाये और चाहे उस को किसी अन्य तरीके से निकाला जाये । मैं समझती हूं कि इस से देश के हर एक हितचिन्तक को बड़ी प्रसन्नता होगी, भले ही उन को स्वयं कष्ट उठाना पड़े, भले ही और लोगों को कष्ट उठाना पड़े, लेकिन इस से रूढ़ियों को एक बहुत बड़ी चोट पहुंचेगी, जिस से हमारे देश में एक नये समाज की रचना हो सकेगी, नये मूल्यों और नई मान्यताओं का निर्माण हो सकेगा और उन तमाम लोगों को शोषण से बचाया जा सकेगा, जिन को सोने की मृग-तृष्णा दिखा कर अनेक प्रकार से शोषित किया जाता है ।

एक माननीय सदस्य ने ज़िक्र किया कि किस तरह से बाज़ार में चौबीस कैरट के आभूषण मिलते हैं । लेकिन किसी माननीय सदस्य ने यह नहीं बताया कि किस तरह से बेचारे, भोले-भाले किसानों के हाथ में सोने के नाम पर पीतल थमा दिया जाता था, किस तरह से सोने को ले कर धोखा-धड़ी होती थी, किस तरह से यहीं दिल्ली के बाज़ारों में चौबीस कैरट का नाम ले कर चौदह और आठ कैरट के सोने के ज़ेवर बिका करते थे ।

मैं फिर यह कहना चाहती हूं कि जिस भावना को ले कर गोल्ड कंट्रोल आर्डर लाया गया था, उस भावना को इस विधेयक में भी निहित किया जाना चाहिए । इस के साथ यह भी देखना चाहिए कि जिन लोगों का सोने से सम्बन्ध रहा है, उन को कम से कम कष्ट हो । मेरा मतलब स्वर्णकारों और धार्मिक संस्थानों से है । कम से कम लोगों को कष्ट हो, कम से कम तक्लीफ़ हो । लेकिन यह अत्यन्त आवश्यक है कि सोने की मृग-तृष्णा को दूर किया जाये और सोना जिस गद्दी पर बैठा हुआ है, उस को वहां से उतार एक ऐसे लेवल पर लाया जाये, जहां उस का उपयोग देश-हित में हो सके । मेरा विश्वास है कि इन भावनाओं को ले कर ही इस विधेयक का निर्माण होगा ।

धन्यवाद ।

Shri Nambiar (Tiruchirapalli): Except perhaps the lady member who just now spoke and Shri Sharma, all others spoke against the Bill.

Shri B. R. Bhagat: She has spoken strongly in favour of the Bill.

Shri Nambiar: Sir, it is very clear that we oppose the Bill not because we do not care for the defence or the necessity for mobilising money for the defence. What I would like is to put a pertinent, specific, pointed question to the hon. Minister. To what extent could you get gold for the purpose of defence out of your Gold Control Order? If you have succeeded in that and if you have succeeded in bringing down the price of gold or preventing the smuggling of gold, we will agree and ask you to go the whole hog with the Gold Control Order. But you have failed in these, and today instead of scrapping it, you are bringing it on the statute book as a permanent measure to which we object. That is our main reason for the objection. The question is this: In this country if the tradition of the people does not require wearing of gold as a normal procedure, you can scrap it. If the tradition is the

[Shri Nambiar]

other way about, then allow some margin for that. People in the rural parts do not have banks. They get these gold ornaments for that purpose. If it is the question of dehoarding the hoarded gold, then you could not take it, in fact you did not. For instance, according to the statistics you say that gold to the extent of Rs. 7 crores or Rs. 8 crores could only be taken, when there is altogether gold worth Rs. 4,000 crores in the country. What is it due to? Today under this Bill you are giving power to the officials to search safe vaults and deposits and take gold. Why did you not do that then, immediately before the order was promulgated? Then you could have taken or caught hold of all the gold and given them the money. I am not saying that you should not pay them for that. But you have not done that. Today, Sir, they want to bring this Bill on the statute book and tell the world that they are controlling the use of gold and saving it for the country. We do not want all these pretensions. We want you to do things in practice and see that results are produced. There you have failed and, therefore, we oppose this Bill.

Now coming to the provisions of the Bill, I would request the hon. Members who are going to the Joint Committee to go through a particular clause—clause 17—which is most damaging. Under that clause even private ornaments that each individual has got at present can be taken out, over a particular limit. This is a new feature. First, they said that they were not going to take private ornaments. Now they say that even private ornaments can be taken. Clause 17 says:

> "Where the Central Government is of the opinion that it is necessary so to do for carrying out the purposes of this Act, that Government may at any time, by general or special order, require that any person or class of persons owning ornaments shall, within such period as may be specified in the said order, make a declaration to the Administrator in the prescribed form as to the quantity, description and other prescribed particulars of the ornaments owned by such person or each person in that class...".

This is a new provision. Now, you could say that if a lady or a family has ornaments, say upto 10, 20 or 50 sovereigns, then each member of the family will be asked to give a declaration that he or she is having 10 or 20 sovereigns of ornaments. Any officer can verify that statement and can even seize the property or account books according to this law, I would ask my hon. sister member Shrimati Savitri Nigam whether she would like such a clause to go on the statue Book.

Shrimati Savitri Nigam: Why not, if it is in the interest of the country?

Shri Nambiar: Even then, how can you take the last ounce of gold from everybody in this country? You are not going to do it. You have not done it even during the worst days of Chinese aggression when there was so much enthusiasm in the country on the part of the people to do anything for the defence. Then you could not do it. Is it possible to create such a feeling now? Therefore, I submit that they have failed.

The other point which I would suggest is this: Let not Government go on harassing the public in the name of gold control. This clause is nothing but harassment and therefore submit that hon. Members of the Joint Committee would do well to try and see that even if they cannot get the Government agree to the complete withdrawal of the Bill, they could at least scrap this sort of clause and see that ordinary, normal, honest citizens of this country are allowed to go on with their normal avocation without being harassed by officials in the name of gold control.

The other point I want to mention is about goldsmiths and workers in other industries connected with gold. Much has been said about goldsmiths and I do not want to repeat that. I submit that this is a point which the Government should take into consideration. They say that the Gold Control Order has been brought forward in the national interest. It is exactly in the national interest that the interests of workers should be safeguarded. Both should go together. Should they starve so that national interest is safeguarded? Why should workers alone face starvation and unemployment problems? There are big businessmen and profiteers who are minting money out of the issue of national defence. They must be told that they should not do so. Why should the poor goldsmith be deprived of his earning? Not even one per cent of these people have got employment. So, Government have miserably failed and I request the Government to take note of this point and see that alternative employment is given to these people.

I have to say not only about the gold industry as such but about other industries as well which are connected with gold. For instance, there are artificial diamond cutting and certain other industries. In my State of Madras there are more than 30,000—40,000 people who live on artificial diamond cutting, for instance, in Trichy in the South. There is a factory for that at Mettupalayam. Today most of these workmen are unemployed or half-employed or starved. Government have not taken any action to provide them with alternative employment except saying that they cannot help. I would request the hon. Finance Minister to pay careful attention to this because thousands of families are directly suffering under this and they should be given alternative jobs. If gold is not used, artificial diamond cannot also be used. So, that industry also suffers. I am bringing this point to his notice so that he can see that some outlet is given to this industry. I am told that there is a possibility of outside market for these diamonds that they cut. If that is possible, all efforts should be made so that these artificial diamonds can be exported and we will get not only foreign exchange—we can get good value for it—but this industry can thrive. This point should also be considered. These workers have formed into societies. It is not only the question of artificial diamond cutters and goldsmiths, but the difficulties of all the workers in industries directly connected with gold should also be taken into consideration along with the whole Bill. The Bill should not be taken up as a separate thing. If other connected issues are separated from it, peope will be put to difficulties.

I know the hon. Finance Minister is a practical person. He knows, but he hesitates to withdraw this Bill. His predecessor brought it, and he cannot scrap all that his predecessor had brought. He has already scrapped CDS, and if he scraps this too, it will be said that the new Finance Minister is undoing all that the old Finance Minister did, and he is afraid, because they belong to the same Government and party. They have got their difficulty, and I think that might be the way his mind is working. But let him come out of these narrow party difficulties. If it is in the larger interests of the country, it should be scrapped. He must be bold enough. I know he is courageous enough to do things if he wants. So, I request him to consider the question of withdrawing this Bill, and save the Members of the Joint Committee from doing a difficult job. Today, the consensus in the House is for its withdrawal. If the consensus of those who spoke reflects the feeling of the people outside, then the overwhelming majority of the people of this country are against this Bill. Therefore, I request him to consider all these aspects and do justice.

श्री बख्शपाल सिंह (कैराना) : सभापति महोदय, बहुत देर से मैं बहस सुन रहा हूं। मेरी समझ में दो बातें नहीं आईं। एक तो यह

[श्री यशपाल सिंह]

कि इस बिल को लाने की क्या जरूरत थी जब कि सरकार फेल हो चुकी है और एक भी गोल्ड स्मगलर को आज तक चांदनी चौक में खड़ा कर के गोली नहीं मारी गई, उस का हाथ नहीं काटा गया । सैकड़ों सुनार, गरीब स्वर्णकार भूखे मर चुके हैं, आत्महत्या कर चुके हैं, अपने प्राणों को खो चुके हैं । अगर सरकार एक भी गोल्ड स्मगलर का इलाज करती तो मैं समझता कि इस बिल को लाने की जरूरत है ।

हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर साहब कहते हैं कि इमर्जेन्सी है । अगर इमर्जेन्सी देश में है तो कागज में है, पेपर के ऊपर है। अगर इमर्जेंसी वाकई देश मे होती तो यह लोग खाकी कपड़े पहन कर आते, देश में फौजी कपड़े पहन कर लोग आते और उन की फौजी ट्रेनिंग होती । एक चाइनीज की बन्दूक यह नहीं छीन सके, एक चाइनीज की राइफल यह नहीं छीन सके हैं । किसी लंगड़े, लूले, अन्धे, काने चाइनीज को ला कर आप लाल किले में बन्द कर देते तो कम से कम कसम खाने के लिये तो हो जाता कि चीन का एक आदमी हमारे जेल में बन्द है । एक इंच भी आप चीन को पीछे नहीं हटा सके, एक भी उन की राइफल नहीं छीन सके । आज इमर्जेन्सी किस चीज के लिये हैं । पब्लिक को लूटने के लिये हैं । कितने आर्डर आपने कायम किये, कितने आर्डिनेन्स लाये, कितने कानून बने । आप दो चीजों का इलाज कर देते । या तो जो सुनार भूखों मर रहे थे उन की रोजी रोटी का इन्तजाम कर देते, जो पांच लाख आदमी बेघर हो गये हैं उन को बसाने का इन्तजाम कर देते, या फिर एक भी आदमी के, जो गोल्ड स्मगलिंग करता, हाथ कटवा देते, कुछ कर के दिखलाते तब भी हम कहते कि ठीक है, लेकिन इन में से एक भी का नहीं हो सका । पता नहीं यह बिल क्यों लाया जा रहा है । मैं तो समझता हूं कि सिर्फ जनता को तंग करने के लिये यह बिल लाया जा रहा है । इस में थोड़ी सी भलमन्साहत दिखलाई है । इस में एक जगह लिखा हुआ है, और इस को यह बहुत सुन्दर समझते हैं, कि

"No female shall be searched by anyone excepting a female."

अगर बेइज्जती है तो बेइज्जती है, चाहे वह मर्द के हाथ से हो चाहे औरत के हाथ से हो । अगर घर में आग लग जाती है तो फिर उस में दियासलाई चाहे मर्द के हाथ से लगे या औरत के हाथ से लगे, घर जरूर जल जायेगा । आप ख्याल कीजिये । हिन्दुस्तान में २० करोड़ के लगभग औरतें हैं । हर एक के पास कोई न कोई अंगूठी होगी, कोई न कोई कड़ा होगा । क्या आप बीस करोड़ पुलिस रखेंगे उन को सर्च करने के लिये, क्या गांवों में हर जगह दस्ते जायेंगे फीमेल पुलिस के । यह बात समझ में नहीं आती कि क्या जरूरत महसूस हुई इस बिल की । जरूरत तो इस बात की है कि जो स्वर्णकार, हैं, जो घर से बेघर हो गये हैं उन्हें बसाने की कोशिश की जाती, उन के लिये रोजगार की कोशिश की जाती । वह नहीं की गई और नये-नये कानून लाये जाते हैं ।

आज तक देवताओं के पूजन में किसी ने दखल नहीं दिया था, देवताओं के पूजन में औरंगजेब ने दखल दिया नहीं था, चंगेजखां ने दखल नहीं दिया था, लेकिन देवताओं के पूजन में इस सेकुलर गवर्नमेंट ने दखल दिया है । देवताओं के पूजन में सरकार चाहती है कि खोटा सोना चले, आज वह परमेश्वर के पूजन में भी खोट मिलाना चाहती है । यह सरकार आखिर कितने दिन चल सकेगी । नहीं चल सकेगी । इस के साथ ही साथ यह सरकार कहती है कि जिस जगह महाजन लोग रहते होंगे, जिस जगह वह लोग रहते होंगे जो कि स्वर्ण को बन्धक रखते हैं, वह लोग रहते होंगे जो कि गहने रखते हैं, जेवर रखते हैं, जिन के यहां गिरवीं रक्खा जाता है, वहां सुनार को काम नहीं करने दिया जायेगा । कहां, कहां आप डिस्क्रिमिनेट करेंगे । हमारे यहां साहूकार रहता है जो हमारे दुःख सुख

का साथी है और वहीं सुनार रहता है, क्या आप दोनों को अलग अलग करेंगे। हमारे देश में ४४ करोड़ आदमी हैं और रहने के लिये साढ़े तीन करोड़ मकान हैं। क्या आप उन के अलग अलग घर बसा देंगे, या एक ही घर में बीस दीवारें डाली जायेंगी कि यह महाजन की दीवार है, यह सुनार की दीवार है, यह बन्धक रखने वाले की दीवार है। क्या तमाशा है इस बिल में। यह बात नहीं चल सकेगी। इस बिल की क्या जरूरत है। कोई जरूरत नहीं है। लेकिन सरकार जनता को परेशान करना चाहती है। सभापति महोदय, आप चल कर देख लीजिये। यह सरकार कहती है कि इमर्जेन्सी है। लेकिन एक तरफ यू० पी० में २३ रुपये मन गुड़ बिका, दूसरी तरफ सौराष्ट्र के अन्दर ८० रु० मन गुड़ बिका। यह क्या इमर्जेन्सी है।

और आप देखिये कि हमारी इमर्जेन्सी की हालत क्या है। यहां फौवारे पर चलिये, चांदनी चौक में चलिये। आप देखेंगे कि हजारों आदमी चांदनी चौक में, हजारों आदमी रीगल के सामने, हजारों आदमी सब्जी मंडी में, खड़े हैं। इसलिये खड़े हैं कि बस नहीं आई है। बस आ गई है तो टिकट नहीं मिला है, टिकट मिल गया है तो धकापेल हो रही है। इस में कौन सी इमर्जेन्सी है। आप ख्याल कीजिये पब्लिक को तंग करने के लिये हजारों हजारों आदमी खड़े रक्खे जाते हैं। आप एक बनिये के बेटे को कंट्रैक्ट दे कर देख लीजिये दिल्ली ट्रांस्पोर्ट का। एक हफ्ते के अन्दर अगर एक भी सवारी खड़ी रह जाये तो मैं यहां बोलना बन्द कर दूंगा, इस्तीफा दे कर चला जाऊंगा। लेकिन सरकार ऐसे काम कर रही है जिस का इमर्जेन्सी से कोई ताल्लुक नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर १०० बसों का इन्तजाम कर दिया जाये तो जो बूढ़ी मां पैदल चल कर जाती है, हांफती हुई जाती है, उस के पहुंचने का किसी न किसी तरह से उपाय हो जाये। मुल्क पाकिस्तान के अन्दर एक भी पैसेन्जर खड़ा नहीं रह सकता है। आप मुल्क पाकिस्तान को देखिये, आप दुश्मन को देख कर भी उस से फायदा नहीं उठाते हैं। भगवान राम को मर्यादापुरुषोत्तम इस लिये कहते हैं कि जिस समय रावण मर रहा था उन्होंने अपने छोटे भाई को उस के पास भेजा और कहा कि रावण चारों वेदों का विद्वान है, जा कर उस के चरण छुओ और उस से विद्या प्राप्त करो। जिस समय लक्ष्मण वहां गये तो रावण ने यह विद्या दी कि "शुभस्य शीघ्रम्"। किसी देश में जनता की इतनी दुर्गति नहीं होती जैसी यहां हो रही है। क्या आप एक एक अंगूठी का हिसाब यहां की औरतों से मांगेंगे। गांधी जी ने सरकार के लिये एक बार कहा था :

"That Government is the best which governs the least."

वह बतलाते थे कि हुकूमत वह अच्छी है जो दखलअन्दाजी न करे, जो देश के किसी भी मामले में देश के नागरिकों के साथ किसी तरह का इंटरफिअरेंस न करे। लेकिन आज एक एक अंगूठी के लिये इंस्पैक्टर कायम किये जायेंगे। एक तरफ सरकार कहती है कि ४,००० करोड़ रु० का सोना देश में है। अगर वाकई ४,००० करोड़ रूपये का सोना देश में है तो वसूल किया जाना चाहिये, हम तैयार हैं। मैं मानता हूं कि देश के हित से बाहर कोई चीज नहीं है, देश की रक्षा से बड़ी कोई चीज नहीं है। लेकिन देश की रक्षा नहीं हो रही है। देश के गांवों में, पाकिस्तान का झण्डा लहरा रहा है और सरकार खत लिखती है, हिन्दुस्तान के नागरिकों को पाकिस्तान सरकार गोली से भून रही है और सरकार चिट्ठियां भेजती है, प्रोटेस्ट करती है। एक इंच भूमि की भी देश के अन्दर रक्षा नहीं हो रही है और ४४ करोड़ भारतीयों को बेइज्जत करने के लिये यह कानून लाया जा रहा है।

जब आज इस सदन के ९८ परसेन्ट मेम्बर इस बिल के खिलाफ बोल रहे हैं तो सरकार क्यों चाहती है कि वह इस को पास करे। इस बिल को पहले साल भर के लिए पब्लिक

[श्री यशपाल सिंह]

में भेजा जाये। उन स्वर्णकार भाइयों के जो बचे हुए लोग हैं, जो खुदकशी कर के मर रहे हैं। उन के जो वारिस और बेटे हैं उन से पूछा जाय, उन की राय ली जानी चाहिये कि वह इस बिल के मुताल्लिक क्या कहना चाहते हैं। फाइनेन्स मिनिस्टर के लिये हमारे दिल में बड़ी इज्जत है, मैं भी चाहता हूं कि वह और तरक्की के साथ यहां रहें, लेकिन में बतलाना चाहता हूं कि अगर गरीब आदमी का दिल दुखी होता है तो जिस रास्ते से मोरारजी गये हैं उसी रास्ते से उन को भी जाना होगा। आज जनता की भावनाओं का एहतराम किया जाना चाहिये। जनता बहुत तंग हो चुकी है। जनता अपना खून देने के लिये तैयार है, सोना देने के लिये तैयार है देश की रक्षा के लिये, लेकिन देश की रक्षा हो नहीं रही है। आप अगर कहते हैं कि यहां पर इमर्जेन्सी है तो देश की रक्षा के लिये लोग सोना ही नहीं खून तक देंगे, हड्डियां तक देंगे लेकिन इमर्जेन्सी होनी तो चाहिये।

यह भी समझ में नहीं आया कि इस कानून में ऐडमिनिस्ट्रेटर की पोजीशन क्या होगी जिस के खिलाफ अपील भी नहीं की जा सकती। स्पीकर के हुकम के खिलाफ अपील की जा सकती है, वजीर के हुक्म के खिलाफ अपील हो सकती है, बड़े से बड़े आदमी हों हाई कोर्ट में उन के खिलाफ अपील हो सकती है। चीफ जस्टिस के खिलाफ अपील हो सकती है, लेकिन एडमिनिस्ट्रेटर के खिलाफ अपील नहीं हो सकती। तीन सौ साढ़े तीन सौ रुपया माहवार उस की तनख्वाह होगी लेकिन उस के हुक्म के खिलाफ तमाम अदालतों के दरवाजे बन्द हो जायेंगे। उस के हुक्म के खिलाफ न कोई हाई कोर्ट जा सकेगा न कोई सुप्रीम कोर्ट जा सकेगा। यह डिमोक्रेसी कितने दिन तक चल सकेगी। हम ने पढ़ा है :

"Law is nothing but the will of the people expressed in terms of law."

लेकिन आज हम देखते हैं कि पीपल के जो नुमाइन्दे हैं उन की परवाह नहीं की जाती। जिस बिल के खिलाफ ९८ परसेन्ट मेम्बर बोल रहे हैं माननीय श्याम लाल सर्राफ जिन की जिन्दगी देशभक्ति में गई, कांग्रेस की सेवा में गई, जिन की जिन्दगी करोड़ों आदमियों की सेवा में गई, जिन्हों ने देशभक्ति से सिवा कोई और काम नहीं किया वह इस बिल के खिलाफ बोल रहे हैं और सरकार डिक्टेटरशिप से उसे पास करवाना चाहे, यह डिक्टेटरशिप कब तक चल सकती है। हर्गिज नहीं चल सकती। मेरा निवेदन यह है कि इस काले बिल को फौरन वापस ले लिया जाये। यह रौलट ऐक्ट से ज्यादा खतरनाक बिल है, यह जनता की आजादी में रोड़े अटकाता है, यह इंडिविजुअल लिबर्टी को खत्म करता है, किसी सभ्य देश में ऐसा कानून नहीं है। इस देश में भी इस बिल के कलंक को हर्गिज नहीं लाना चाहिये। मैं ने भी देश के लिये खून दिया है, जेलखानों में रहा हूं। मैं देश का पहला आदमी हूं जो ११ साल की उम्र में नजरबन्द रहा है। मैं ने फांसी की कोठरियों को कम से कम उमर में देखा है। मैं जेलखाने की पैदावार हूं। हम ने देश के लिये खून दिया है। देश की आत्मा को हम समझते हैं। सरकार अगर डिक्टेटरशिप करेगी तो लोग उसे नहीं मानेंगे। सरकार की इस डिक्टेटरशिप के खिलाफ लोगों के अन्दर एक ऐहतिजाज पैदा होगा, एक प्रोटैस्ट पैदा होगी और उस के रहते जनता को इस तरीके से कब तक दबा कर रक्खा जा सकेगा ? यह काला कानून है और इसे फौरन वापिस लिया जाय। जरुरत तो इस बात की है कि आज सरकार यह ऐलान करे कि जो पांच लाख सुनार घर से बेघर किये गये हैं उन के लिये इंतजाम होगा उन के वास्ते रोजगार का इन्तजाम होगा रोटी का इन्तजाम उनके लिए होगा, जमीनों का उन के लिये इंतजाम होगा, बाकायदा उन को एम्पलायमेंट दिया जायगा तब जा कर यह देश सुखी हो सकेगा।

16.00 hrs.

एक बात मेरी समझ में नहीं आती कि जब वह ऐडमिनिस्ट्रेटर चाहेगा तब वह इजाजत दे देगा कि कोई हर्ज नहीं है। अब इस तरह से एक ऐडमिनिस्ट्रेटर के रहम व करम पर नागरिकों को छोड़ा जा रहा है। यह समझ में नहीं आता कि इतने ऊंचे अधिकार उस ऐडमिनिस्ट्रेटर के क्यों रक्खे जा रहे हैं? जरूरत तो इस बात की है कि इस काले कानून को फौरन वापिस ले कर एक ऐसा कानून लगाया जाय ताकि जो उजड़े हुए सुनार भाई हैं उन को बसाया जा सके। उन के लिए रोजगार का इंतजाम किया जाय और उन लोगों को वही हक दिये जायें जो कि एक स्वतन्त्र राष्ट्र के नागरिकों के होते हैं।

सब से बढ़ कर एक बात जो कि अंग्रेजों के जमाने में भी नहीं हुई थी वह यह है कि इस कानून के अधीन इंस्पैक्टरों को यह अधिकार होगा कि वह गांव गांव में जा कर तलाशियां लें और पुलिस को अधिकार होगा कि वह गांवों में जा कर तलाशियां ले। जरूरत इस बात की है कि सरकार जो कि एक प्रजातन्त्री सरकार होने का दावा करती है वह जनता की मांग व इच्छा का आदर करे और जनता की इच्छा के अनुसार काम करे।

एक नई धारा इस में और है। उस में यह जिक्र है कि अगर किसी को लाइसेंस रेन्यू करना होगा तो उसे वह तमाम फौर्मिलिटीज, वह तमाम लवाजमात और वह तमाम लैंथी प्रोसीज्योर फौलों करने पड़ेंगे जिन का कि इस में जिक्र किया गया है। उस के लिये फिर इस तरह से पुलिस इंस्पैक्टरों की और ऐडमिनिस्ट्रेटर की खुशामद करनी होगी जब एक दफा लाइसेंस मिल गया है तो उस का रैनुअल महज एक कार्ड से हो जाना चाहिये। एक छः पैसे के कार्ड से उस लाइसेंस का रेनुअल होना चाहिये। लेकिन इस छै पैसे के कार्ड के बजाय उसे फिर २० घरों में जा कर खुशामद करनी पड़ेगी। उसे पुलिस से लिखवाना पड़ेगा। उसे गांव सभा के प्रधान से, म्युनिसपैलिटी के चेअरमैन से और जुडिशिएल मजिस्ट्रेट से लिखवाना पड़ेगा गरज यह कि इंसान उनमें उलझ कर रह जायगा। इस तरह से इस देश का इंसान कितने दिन जिन्दा रह सकेगा जोकि हर वक्त क्यू में खड़ा रहता है? उसे आज चीनी के लिए, घी के लिए और पानी के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ता है। आप जरा चांदनी चौक में जा कर देखिये कि क्या हालत है? वहां पर युरिनल के सामने १००, १०० आदमियों की लाइन लगी रहती है और इस के लिए खुशामद कर रहे हैं कि भाई मुझे जरा पहले हो आने दो जोर की हाजत लगी है। आज जिंदगी की हर एक जरूरयात के लिए इंसान को क्यू में खड़ा होना पड़ता है। हालत यह है कि इंसान को एक लोटा पानी भी बगैर क्यू में खड़े हुए नहीं मिलता है। एक लोटा पानी के लिए खड़े खुशामद कर रहे हैं। बगैर लाइन के एक गिलास दूध का नहीं मिलता है। आज उन के बच्चों को दवाई नहीं मिलती है। इस तरह से यह ४४ करोड़ इंसान जिन्दा नहीं रह सकेंगे। सरकार इस डिक्टेटरशिप को खत्म करे। यह बिल एक प्रजातंत्री सरकार का न हो कर एक नौकरशाही का कानून मालम होता है। यह ऐडमिनिस्ट्रेटर और इंसपेक्टर्स को मजबूत करने का बिल है। इस बिल को एकदम वापिस लेकर सरकार यह एलान करे कि उस की ग़लत पालिसी की वजह से जो स्वर्णकार भाई उजड़े थे, जो खुदकशी कर के मरे थे उन की बेवाओं और बच्चों के लिए रोजगार का प्रबंध होगा। उन के लिए रोटी, रोज़ी मुहैया की जायगी। वे लोग देश के उपयोगी नागरिक सिद्ध होंगे और देश की तरक्की के लिए अपना योगदान देंगे।

आज उजाड़ा कौन जा रहा है। जहां तक चीन से या किसी भी बाहरी दुश्मन से अपनी आज़ादी की हिफाजत के वास्ते लड़ाई लड़ने का सवाल है वह हम सिपाही लड़ेंगे और हिफाजत करते हुए मरेंगे। अब इन बड़े

बड़े लोगों को तो लड़ना है नहीं । मोर्चों पर इन्हें तो जाना है नहीं । यह तो यहीं रहेंगे । ऐयर कंडीशंड हाउसेज में आराम से पड़े रहेंगे । मरेंगे हम, हमारे बेटे, हमारे पोते, और हमारे भाई व भतीजे । हमारे यह बड़े बड़े लोग तो यहीं बैठे रहेंगे । जिस दिन तिब्बत पर चीन ने हमला किया था, तिब्बत पर चीन द्वारा अटैक हो रहा था और वहां के किसान मजदूर काटे जा रहे थे और वहां की गरीब जनता पर जुल्म ढाये जा रहे थे तो दलाई लामा साहब एक खच्चर पर सवार हो कर हिन्दुस्तान में आ गये थे । जब संकट आयेगा हमला होगा तो यह बड़े बड़े लोग कारों में बैठ बैठ कर या हवाईजहाजों में बैठ कर कहीं और चले जायेंगे ? मरेंगे हम, मरेंगे हमारे बेटे, मरेंगे हमारे पोते, भाई और भतीजे जिनकी कि हडिडयां अब तक हमें याद आती हैं । मेरी अर्ज यह है कि इस काले कानून की कोई जरूरत नहीं है । अगर देश की रक्षा करनी है और इमरजेंसी को वाकई जस्टिफ़ाई करना है तो आज हिन्दुस्तान के एक, एक बच्चे को फौजी तालीम दी जाय । हर एक देशवासी को लाजिमी मिलेटरी ट्रेनिंग दी जाय और यदि ऐसा हुआ तो देश की रक्षा हो जायेगी ।

अगर आप ने चीन के पांच, सात किले जीत कर दिखला दिये और वहां के फौजी कमांडर को गिरफ्तार कर के दिखला दिया तो हम समझेंगे कि वाकई चीन को आप ने जीत लिया है । उस हालत में हम अपना तन, मन, धन सब कुछ आप के चरणों में चढ़ा देंगे । लेकिन इस आरामतलबी की जिंदगी में जिस तरीके से यह देश के साथ फ्रौड किया जा रहा है, उस हालत में देश से एक पैसा लेना भी गुनाह है । मैं सरकार से यह निवेदन करता हूं कि इस काले कानन को वापिस ले कर उजड़े हुए स्वर्णकारों और उन को मुसीबतजदा फैमिलीज के वास्ते इंतजाम किया जाय ।

